वर्ष-11 अंक-57 पृष्ठ-8 मूल्यः 3 रुपये

प्रयागराज, मंगलवार 06 मई 2025

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

Adhunik Samachar

प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष में प्रसारित

Download From Google Play

Adhunik Samachar

आधुनिक समाचार नेटर्वक

11 YEARS ANNIVERSARY

## संक्षिप्त समाचार

### देश के अधिकतर हिस्सों में 8 तक बारिश-ओलावृष्टि के आसार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** देश के अधिकतर हिस्सों में 8 मई तक बारिश-ओलावृष्टि होने का अनुमान है। मौसम विभाग (घ्ड्ड) का पूर्वानुमान है कि आने वाले दिनों में बिजली गिरने के साथ आंधी और तूफान की भी संभावना है। हिमाचल के चंबा में बादल फटने से तबाही की खबर है। मौसम के बदले मिजाज से लोगों को प्रचंड गर्मी से बड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग ने 8 मई तक दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर पश्चिम भारत के साथ ही देश के अधिकतर हिस्सों में गरज के साथ बारिश होने, बिजली गिरने, ओलावृष्टि और आंधी-तूफान जारी रहने की संभावना जताई है। हालांकि, ओडिशा, पश्चिम बंगाल के गंगा के तटवर्ती इलाकों के साथ ही देश के पूर्व मध्य और पूर्वी इलाकों में गरज के साथ वर्षा की मौजूदा गतिविधियों में 7 मई के बाद से कुछ कमी आ सकती है। उधर, ऑरेंज अलर्ट के बीच हिमाचल में कई जगह झमाझम बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। चंबा जिले के चेली गांव के डोडरा नाला में शनिवार रात बादल फटने से एक 65 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति की नाले में बहने से मौत हो गई। बाढ़ में 150 भेड़-बकरियां भी नाले में बह गईं।भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, रविवार सुबह 8:30 बजे तक बीते 24 घंटे के दौरान पूर्वी राजस्थान, मध्य भारत, ओडिशा, झारखंड में कुछ स्थानों पर 70-100 किमी प्रति घंटे की गति से हवाएं चलीं और कुछ जगहों पर धूल भरी आंधी आई।

### एक दशक में तिहाई हुए आतंकी हमले; कश्मीर घाटी में अब भी बदलाव का इंतजार


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** पिछले 10 वर्षों में भारत में आतंकी घटनाएं घटकर एक तिहाई रह गई हैं। देशभर में गिरावट आई, लेकिन कश्मीर में अभी भी चुनौती बनी हुई है। 2000 से 2024 तक कुल 72,427 हमलों में से हर तीसरा हमला जम्मू-कश्मीर में हुआ, जहां 4,981 नागरिक और 3,624 जवान बलिदान हुए हैं। आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति, पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था, मुस्तैद सुरक्षा एजेंसियों की बदौलत कुछ वर्षों में आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई काफी हद तक बदली है। यही कारण है कि 10 साल में आतंकी वारदातें घटकर करीब एक तिहाई रह गई हैं। बीते दशक में 2,242 आतंकी वारदातें हुईं, जबकि वर्ष 2004 से 2014 के बीच इनकी संख्या सात हजार से ज्यादा थी। आंकड़ों के अनुसार बीते दशक में आतंकी हमलों में हर साल गिरावट आई और संख्या सालाना 3,156 से घटकर 1,586 तक आ पहुंची है। हालांकि कश्मीर घाटी में समान रुझान नहीं है। वहां अब भी ऐसे बदलाव का इंतजार है।

## तीन करोड़ किराना दुकानों को खतरे में डाल रहे 'डार्क स्टोर', अब सड़कों पर उतरेंगे नौ करोड़ व्यापारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने कहा, इस सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से 100 से अधिक शीर्ष व्यापारिक नेता भाग लेंगे। उन्होंने ई कॉमर्स कंपनियों पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट), जो देशभर के 9 करोड़ से अधिक छोटे व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करता है, ने 16 से 18 मई 2025 तक नई दिल्ली और उत्तर प्रदेश के वृंदावन में एक निर्णायक तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने की घोषणा की है। इसका मकसद विदेशी निवेश वाली ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स कंपनियां, जैसे अमेजन, फ्लिपकार्ट, ब्लिंकिट, स्विगी, इंस्टामार्ट, जेप्टो और अन्य इसी तरह की प्रमुख कॉमर्स कंपनियों की कथित अनैतिक व अवैध प्रथाओं के खिलाफ राष्ट्रव्यापी आंदोलन की रणनीति बनाना और उसे सक्रिय करना है। कैट का कहना है कि ये कंपनियां, एफडीआई का दुरुपयोग कर रही हैं तो वहीं नियामक उल्लंघन करने से भी पीछे नहीं हट रही हैं। इन कंपनियों की 'डार्क स्टोर्स' जैसी नीतियां, देशभर में 3 करोड़ से अधिक किराना दुकानों की आजीविका खतरे में डाल रही हैं। इसके चलते देशभर के 9 करोड़ व्यापारी सड़कों पर उतरने की योजना बना रहे हैं। यह विरोध सभी राज्यों में किया जाएगा। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने कहा, इस सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से 100 से अधिक शीर्ष व्यापारिक नेता भाग लेंगे। उन्होंने ई कॉमर्स कंपनियों पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। कैट का आरोप है कि इन कंपनियों ने विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) का उपयोग बुनियादी ढांचे के विकास के बजाए घाटे की भरपाई और चुनिंदा विक्रेताओं के माध्यम से गहरी छूट देने के लिए किया है, जो एफडीआई मानदंडों का उल्लंघन है। ये प्लेटफॉर्म 'प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002' का उल्लंघन करते हुए विशेष समझौतों में प्रवेश कर रहे हैं। मूल्य निर्धारण में हेरफेर कर रहे हैं। उपभोक्ताओं से महत्वपूर्ण जानकारी छिपा रहे हैं, जिससे बाजार प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ता विकल्प सीमित हो रहे हैं। देश भर में डिलीवरी के लिए कई 'डार्क स्टोर्स' का संचालन एफडीआई नीतियों का सीधा उल्लंघन है, जो ई-कॉमर्स संस्थाओं को इन्वेंट्री बनाए रखने और खुदरा आउटलेट स्थापित करने से प्रतिबंधित करती हैं।भरतिया के मुताबिक, ये कॉमर्स प्लेटफॉर्म आधुनिक युग की ईस्ट इंडिया कंपनी से कम नहीं हैं। इनका उद्देश्य छोटे किराना और खुदरा दुकानों को समाप्त करके बाजार पर प्रभुत्व स्थापित करना है, जिससे भारत के 3 करोड़ से अधिक किराना दुकानों की आजीविका खतरे में है। कैट के चेयरमैन बृज मोहन अग्रवाल ने बताया कि कैट ने पहले ही एक व्यापक श्वेत पत्र प्रस्तुत किया है, जिसमें इन चिंताओं को उजागर किया गया है। तत्काल नियामक हस्तक्षेप की मांग की गई है।



## रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की पीएम मोदी से अहम मुलाकात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**


**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। यह अहम मुलाकात चल रही है। इससे पहले वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने रविवार को प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव की पृष्ठभूमि में यह अहम बैठक हुई थी। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने भी शनिवार को प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी और उन्हें अरब सागर में महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की समग्र स्थिति से अवगत कराया था।राष्ट्रीय राजधानी में लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर हुई यह बैठक पीएम की अध्यक्षता में उस बैठक के कुछ दिनों बाद हुई, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल हुए थे। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी मौजूद थे। मुलाकात वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के एक दिन बाद हुई। माना जा रहा है कि बैठक में सुरक्षा स्थिति पर चर्चा हुई। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने पहुंचे। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान से बढ़ते तनाव के बीच



## दक्षिण मुंबई में कपड़ों के शोरूम में लगी आग, छह मंजिला इमारत से आठ लोगों को बचाया गया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** पिछले हफ्ते मुंबई के उपनगरीय बांद्रा इलाके में इलेक्ट्रॉनिक्स सामान के शोरूम वाली इमारत में भीषण आग लग गई थी, जिसके बाद आग बुझाने के लिए एनडीआरएफ को भी बुलाना पड़ा। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया था। आग का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। दक्षिण मुंबई के पेडर रोड इलाके में एक रिहायशी इमारत के भूतल पर स्थित कपड़ों के शोरूम में सोमवार सुबह आग लग गई। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि आग में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। छह मंजिला इमारत से आठ लोगों और कुछ पालतू जानवरों को बचा लिया गया। इससे पहले मुंबई के पॉश बांद्रा इलाके में एक मॉल में लगी भीषण आग पर 22 घंटे से अधिक समय की कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया गया था। नगर निगम के अधिकारियों ने बुधवार को बताया था कि बांद्रा पश्चिम में लिंकिंग रोड पर लिंक स्क्वायर मॉल के बेसमेंट में मंगलवार सुबह करीब 4.10 बजे आग लगी थी। बुधवार को दमकल कर्मियों और अन्य आपातकालीन सेवाओं की मशक्कत के बाद देर रात 1.41 बजे आग पर काबू पा लिया गया।अधिकारियों ने बताया कि सुखशांति इमारत के भूतल पर स्थित शोरूम में सुबह करीब 6.38 बजे आग लगी। फायर ब्रिगेड ने इमारत की पहली मंजिल से आठ लोगों और चौथी मंजिल से पांच जानवरों को बचाया। एक नगर निगम अधिकारी ने बताया कि आग केवल तारों, बिजली के उपकरणों और शोरूम में रखे कपड़ों के स्टॉक तक सीमित थी। आग की वजह से शोरूम में धुआं भर गया। आठ दमकल गाड़ियां और अन्य ने मौके पर मोर्चा संभाला और बचाव कार्य चलाया। अधिकारी ने बताया कि सुबह करीब 8.15 बजे इलाके को घेर लिया गया। आग बुझाने का काम जारी है। पुलिस, नगर निगम के अधिकारी और अन्य एजेंसियों को मौके पर बुलाया गया है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। ट्रैफिक पुलिस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि इमारत व्यस्त पेडर रोड पर है, इसलिए महालक्ष्मी मंदिर जंक्शन से केम्प्स कॉर्नर फ्लाईओवर तक दक्षिण की ओर जाने वाला यातायात धीमा हो गया है।



## मुर्शिदाबाद हिंसा पीड़ित विधवाओं का आरोप- धमका रही टीएमसी और पुलिस

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** मुर्शिदाबाद हिंसा में पति खो चुकीं पारुल और पिंकी दास ने राज्यपाल को पत्र लिखकर कथित तौर पर पुलिस और सत्ताधारी पार्टी से मिल रही धमकियों की शिकायत की। साथ ही उन्होंने राज्यपाल से कोलकाता हाईकोर्ट तक सुरक्षित यात्रा की व्यवस्था करने की मांग की, ताकि वे वहां जाकर न्याय की याचिका दायर कर सकें। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ संशोधन कानून को लेकर हुई हिंसा में अपना पति खो चुकीं पारुल दास और पिंकी दास ने रविवार को राज्यपाल सीवी आनंद बोस को पत्र लिखकर सुरक्षा की मांग की है। दोनों महिलाओं ने आरोप लगाया है कि उन्हें शासन और पुलिस से धमकियां मिल रही हैं। साथ ही उन्होंने राज्यपाल से कोलकाता हाईकोर्ट तक सुरक्षित यात्रा की व्यवस्था करने की मांग की, ताकि वे वहां जाकर न्याय की याचिका दायर कर सकें। बता दें कि राज्यपाल को लिखे चार पन्नों के पत्र में उन्होंने कहा कि हम हरगोबिंद दास और चंदन दास की विधवाएं, टूटे दिल और कांपते हाथों से यह पत्र लिख रही हैं। हम ये पत्र किसी छिपे हुए स्थान से लिख रही हैं क्योंकि हमें सिर्फ सत्ताधारी पार्टी से ही नहीं, बल्कि पुलिस से भी डर लग रहा है।



## हमें अपने दम पर लड़नी होगी पाकिस्तान से लड़ाई', बढ़ते तनाव के बीच विशेषज्ञों ने दी सलाह

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में पूर्व उच्चायुक्त अजय बिसारिया ने कहा कि हमें अपने दम पर लड़ाई लड़नी होगी। इसके लिए क्षमता, इरादा, राजनीतिक इच्छाशक्ति और राष्ट्रीय इच्छाशक्ति की जरूरत है। विशेषज्ञ सुशांत सरीन ने कहा कि स्थिति इस हद तक बिगड़ चुकी है कि भारत और पाकिस्तान एक-दूसरे के शहरों पर मिसाइलें गिराने लगे तो दोनों देश असुरक्षित हो जाएंगे। पहलगाम आतंकी हमले के बाद देशभर के लोगों में आक्रोश है। लोग पाकिस्तान के खिलाफ लगातार कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पहलगाम हमले का जवाब देने के लिए भारत ने भी तैयारी कर ली है। सेनाएं अलर्ट मोड पर हैं। इस बीच विशेषज्ञों का कहना है कि पाकिस्तान से लड़ाई हमें अपने दम पर लड़नी होगी। लोगों के मूड के आधार पर पाकिस्तान के साथ युद्ध नहीं किया जाना चाहिए।चीजों 2017 से 2020 तक पाकिस्तान में भारतीय मिशन का नेतृत्व कर चुके बिसारिया ने कहा कि हमें अपने दम पर लड़ाई लड़नी होगी। जब आप आगे बढ़ते हैं, तो आपको सबसे खराब स्थिति के लिए भी तैयार रहना होगा। आप पूर्ण पैमाने पर युद्ध भी लड़ सकते हैं। ऐसा करने में सक्षम होने के लिए आपके पास क्षमता, इरादा, राजनीतिक इच्छाशक्ति और राष्ट्रीय इच्छाशक्ति होनी चाहिए सामरिक मामलों के विशेषज्ञ सुशांत सरीन ने कहा कि स्थिति इस हद तक बिगड़ चुकी है कि भारत और पाकिस्तान एक-दूसरे के शहरों पर मिसाइलें गिराने लगे तो दोनों देश असुरक्षित हो जाएंगे। इसलिए जरूरी है हम अपने लोगों को इस बात के लिए तैयार करें कि किसी भी कार्रवाई से भारी लागत और जोखिम जुड़े हैं। यदि एक-दूसरे के शहरों पर मिसाइलों की बौछार होगी, तो यदि इस्लामाबाद और लाहौर असुरक्षित हैं, तो दिल्ली भी असुरक्षित है। उन्होंने कहा कि रूसी वास्तव में हमारे पक्ष में नहीं हैं। हम रूस, रूस, रूस करते रहते हैं। अगर कल को हमारा चीन से झगड़ा होता है तो क्या रूसी हमारे साथ खड़े होंगे।



## नशीली दवाओं और सट्टेबाजी एप के खिलाफ शख्स ने छेड़ी अनोखी जंग

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** तेलंगाना के बीकॉम के छात्र भुक्या यशवंत ने मणिपुर की सबसे ऊंची चोटी माउंट इसो पर चढ़ाई की। उन्होंने कहा कि सट्टेबाजी एप की लत लगने से लोगों की मेहनत की कमाई डूब रही है और नशे की लत बढ़ रही है। मैं पर्वतारोहण के प्रति अपने जुनून को जोड़कर इन बुराइयों के खिलाफ सामाजिक संदेश फैलाना चाहता हूं। नशीली दवाओं और सट्टेबाजी एप के खिलाफ तेलंगाना के एक युवा ने अनोखी जंग छेड़ी है। 20 वर्षीय पर्वतारोही युवक ने मणिपुर की सबसे ऊंची चोटी माउंट इसो पर चढ़ाई की। माउंट इसो को सेनापति जिले में माउंट टेंपू के नाम से भी जाना जाता है। युवक की इस पहल की लोगों ने सराहना की है। तेलंगाना के बीकॉम के छात्र भुक्या यशवंत ने बताया कि पिछले 10 दिनों में उन्होंने त्रिपुरा की सबसे ऊंची चोटी बेतालिंगचिप (थाईदावर), अरुणाचल प्रदेश में माउंट गोरीचेन और मणिपुर में माउंट इसो पर चढ़ाई की है। युवक ने बताया कि मैं देश भर में हजारों लोगों को सट्टेबाजी एप की लत लगने से बहुत परेशान हुआ हूं। इससे लोगों की मेहनत की कमाई डूब रही है और नशे की लत बढ़ रही है। मैं पर्वतारोहण के प्रति अपने जुनून को जोड़कर इन बुराइयों के खिलाफ सामाजिक संदेश फैलाना चाहता हूं।छात्र यशवंत ने बताया कि असम राइफल्स के अधिकारियों की उपस्थिति, उनका सहयोग और सौहार्द की भावना ने अभियान को और भी यादगार और प्रेरणादायक बना दिया। मेरे अभियान का एक हिस्सा हर शिकार पर तिरंगा के तहत देश के हर राज्य की सबसे ऊंची चोटी पर राष्ट्रीय तिरंगा फहराना भी है। लगभग 3,000 मीटर ऊंचे माउंट इसो पर चढ़ने के बारे में यशवंत ने कहा कि यह इलाका बहुत खड़ी चढ़ाई वाला था और मौसम काफी ठंडा था। हालांकि, चढ़ाई के दौरान शरीर गर्म हो गया और सब ठीक रहा। अब मंगलवार को मैं मिजोरम जाऊंगा। जहां सबसे ऊंची चोटियों पर चढ़ाई करुंगा। मेरी योजना अगले कुछ दिनों में पूर्वोत्तर के सभी राज्यों की सबसे ऊंची चोटियों पर चढ़ने की है। 16 साल की उम्र में पर्वतारोहण शुरू करने वाले यशवंत 2021 में अफ्रीका के माउंट किलिमंजारो पर चढ़ाई कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिखर सम्मेलन हमारे तिरंगे और भारत की भावना के प्रति एक श्रद्धांजलि है। आइए हम शॉर्टकट और विकर्षणों के स्थान पर स्वास्थ्य, उद्देश्य और अखंडता को चुनें और उन सभी बुराइयों को रोकें जो न केवल हमें बल्कि हमारे परिवारों को भी नष्ट करती हैं।




## संवेदनशीलता नहीं समझते' पहलगाम हमले से जुड़ी नई याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की फटकार लगाई

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर पर्यटकों की सुरक्षा की मांग करने वाली जनहित याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। पर्यटकों की सुरक्षा पर जनहित याचिका दायर करने पर सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि यह बिना किसी सार्वजनिक कारण और महज प्रचार के लिए है। कोर्ट ने यह भी कहा कि आप मामले की संवेदनशीलता को नहीं समझते।हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने जनहित याचिका दायर करने के लिए अधिवक्ता विशाल तिवारी की खिंचाई की। उन्होंने कहा कि यह केवल प्रचार के लिए है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, 'आपने इस तरह की जनहित याचिका क्यों दायर की? आपका असली मकसद क्या है? क्या आप इस मुद्दे की संवेदनशीलता को नहीं समझते? मुझे लगता है कि आप इस जनहित याचिका के जरिए जुर्माने को आमंत्रित कर रहे हैं।' याचिकाकर्ता वकील ने कहा, 'यह पहली बार है कि जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों को निशाना बनाया गया। इसलिए वह उनकी सुरक्षा के लिए निर्देश मांग रहे हैं।' पीठ ने अपने आदेश में कहा, 'याचिकाकर्ता एक के बाद एक जनहित याचिका दायर करने में लगे हुए हैं। इसका प्राथमिक मकसद सार्वजनिक कारण में कोई वास्तविक रुचि नहीं रखते हुए प्रचार प्रतीत होता है।



## मंदिर भगदड़ मामले में बड़ी चूक आई सामने, कहने के बावजूद नहीं लगाए गए सीसीटीवी कैमरे और बैरिकेड्स

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**


**नई दिल्ली।** गोवा के लइराई मंदिर में वार्षिक जात्रा के दौरान हुई भगदड़ में बड़ी चूक सामने आई है। दरअसल मंदिर समिति ने पुलिस प्रशासन के निर्देशों के बावजूद सुरक्षा संबंधी कई इंतजाम नहीं किए, जिनका खामियाजा प्रशासन और श्री लइराई मंदिर समिति के अधिकारियों के बीच 30 अप्रैल को बैठक हुई थी। इस बैठक में मंदिर समिति की वार्षिक जात्रा को लेकर तैयारियों की समीक्षा की गई। साथ ही पुलिस ने मंदिर समिति को परिसर में एंट्री और एग्जिट पॉइंट पर लोगों को भुगतना पड़ा। गोवा के श्री लइराई मंदिर में हुई भगदड़ के मामले में बड़ी चूक सामने आई है। दरअसल पुलिस द्वारा निर्देश दिए जाने के बावजूद मंदिर समिति ने लइराई जात्रा से पहले सीसीटीवी कैमरे और बैरिकेड्स नहीं लगाए गए। वहीं मंदिर समिति के लोगों का कहना है कि पुलिस ने जात्रा से कुछ दिन पहले ही ये निर्देश दिए थे और इतने कम समय में सीसीटीवी कैमरे इंस्टॉल करना संभव नहीं था। उल्लेखनीय है कि मंदिर में हुई भगदड़ में छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए हैं। पुलिस, जिला सीसीटीवी कैमरे लगाने और भारी भीड़ को देखते हुए पर्याप्त बैरिकेडिंग करने का निर्देश दिया था। इस बैठक में उत्तरी गोवा के पुलिस अधीक्षक अक्षत कौशल, डिप्टी एसपी जिवबा दलवी, डिप्टी कलेक्टर भीमनाथ खोजुवेकर और मंदिर समिति के अध्यक्ष समेत कई अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।पुलिस ने मंदिर समिति को सभी भीड़ वाली जगहों पर भी सीसीटीवी लगाने और एक सीसीटीवी कंट्रोल रूम बनाने की सलाह दी थी। सीसीटीवी कंट्रोल रूम में पुलिसकर्मियों के तैनात करने की बात भी कही गई थी।



## फतेहपुर सीकरी पर भी क्यों नही सुप्रीम कोर्ट ने किया खारिज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** एक महिला ने खुद को मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर द्वितीय के परपोते की विधवा होने का दावा करते हुए कानूनी उत्तराधिकारी बताकर लाल किले पर कब्जा मांगा था। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने याचिका को गलत और निराधार करार दिया। सुप्रीम कोर्ट ने लाल किले पर कब्जे की मांग वाली महिला की याचिका खारिज कर दी। महिला ने खुद को मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर द्वितीय के परपोते की विधवा होने का दावा करते हुए कानूनी उत्तराधिकारी बताकर लाल किले पर कब्जा मांगा था। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यदि दलीलों पर विचार किया जाए तो केवल लाल किला ही क्यों, फिर आगरा, फतेहपुरी सीकरी आदि के किले क्यों नहीं?मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने याचिका को गलत और निराधार करार दिया। कोर्ट ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। सीजेआई ने कहा कि रिट याचिका गलत और निराधार थी। इस पर विचार नहीं किया जा सकता। पीठ ने याचिकाकर्ता सुल्ताना बेगम के वकील को याचिका वापस लेने की अनुमति नहीं दी। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि वह देश के पहले स्वतंत्रता सेनानी के परिवार की सदस्य हैं।दिल्ली उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने 13 दिसंबर को 2024 उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश के दिसंबर 2021 के फैसले के खिलाफ बेगम की अपील को खारिज कर दिया था। इसमें कहा गया था कि चुनौती ढाई साल की देरी के बाद दायर की गई थी। इसे माफ नहीं किया जा सकता था।इस पर बेगम ने कहा कि वह अपने खराब स्वास्थ्य और बेटी के निधन के कारण अपील दायर नहीं कर सकी। उच्च न्यायालय ने कहा था कि हमें यह स्पष्टीकरण अधूरा लगता है, क्योंकि देरी ढाई साल से अधिक की है।








## पति कसूरवार बिखर गया परिवार, दुबई में रहकर काम करता था अनूप; बेटे के गम में पति को कोस रही विमला


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**गोरखपुर।** गोरखपुर में रिटायर्ड होमगार्ड ने लाइसेंसी दो नाली बंदूक से बड़े बेटे अनूप की गोली मारकर



हत्या कर दी। बचाने आई बहू भी गोली लगने से घायल हो गई थी। पुलिस जांच में जुटी है। गोरखपुर के बड़हलगंज के चौतीसा गांव में बेटे की हत्या करने वाले बाप को लेकर दिन भर चर्चाएं होती रहीं। मृतक अनूप की मां विमला देवी ने आरोपी पति हरि यादव को कोसते हुए कहा कि वे आए दिन शराब के नशे में घर में उत्पात मचाते हैं।इससे आजीज बड़ा बेटा अनूप (38) पुराने मकान से 100 मीटर दूर परिवार के साथ घोठा (पशुशाला) पर रहने लगा था। पति वहां भी नशे में जाकर विवाद करते थे। पति के चलते ही उनका परिवार बिखर गया। चौतीसा गांव में रिटायर्ड होमगार्ड जवान हरि यादव ने शनिवार रात लाइसेंसी दो नाली बंदूक से बड़े बेटे अनूप की गोली मारकर हत्या कर दी थी। बचाने आई छोटी बहू सुप्रिया (30) फायरिंग में घायल हो गई थी। उनका बीआरडी मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। रविवार को दरवाजे पर बैठी अनूप की मां विमला देवी अपने पति को कसूरवार ठहराते हुए कोस रही थी। उनका कहना था कि शराब के नशे के चलते उनका परिवार बिखर गया। बडे बेटे की हत्या के बाद से रोते-राते उनका गला रुंध गया था। उन्होंने बताया कि पति के शराब पीकर आए दिन घर में उत्पात मचाने के चलते बड़ा बेटा अनूप घोठा परिवार के साथ रहने लगा था। उसने बच्चों के पालन पोषण के लिए आटा चक्की लगाया, घर से दूर चला गया।विमला देवी ने बताया कि शनिवार रात शराब के नशे में पति हरि यादव घोठा पर पहुंचे। वहां बड़े बेटे अनूप से किसी बात को लेकर विवाद करने लगे। जानकारी होने पर छोटी बहू सुप्रिया यादव के साथ वह भी वहां पहुंची। इस दौरान नशे में धुत पति हरि जमीन पर गिर पड़े। उठे तो वहां से घर की तरफ चले गए। वह बेटे से बात कर ही रही थी कि पति लाइसेंसी बंदूक लेकर आ गए। कुछ समझ पाती तब तक गोली चला दिए। गोली अनूप के सीने में लगी और वह जमीन पर गिर पड़ा। बीच बचाव करने गई छोटी बहू को भी एक गोली उसे लग गई।

## गीडा की अंकुर सरिया फैक्टरी की भट्ठी में धमाका, एक मजदूर झुलसा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**गोरखपुर।** जानकारी के मुताबिक, शाम को अचानक सरिया फैक्टरी में जोरदार धमाका हुआ। लोग कुछ समझ पाते, तब



तक धुएं का गुबार उठने लगा। फैक्टरी में बॉयलर जैसा कोई उपकरण फटने की चर्चा होने लगी। लोग बड़े हादसे की आशंका से सहम गए। कुछ देर में ही सहजनवां पुलिस भी फैक्टरी पहुंच गई। सहजनवां (गोरखपुर)। गीडा क्षेत्र के सेक्टर-23 में संचालित सरिया फैक्टरी अंकुर उद्योग में रविवार शाम करीब पांच बजे तेज धमाका के साथ धुआं निकलने से अगल-बगल अफरातफरी मच गई। धमाके में एक क्रेन चालक झुलस गया है, जिसका गोरखपुर के एक निजी नर्सिंग होम में इलाज चल रहा है। वह आजमगढ़ जिले का रहने वाला है।जानकारी के मुताबिक, शाम को अचानक सरिया फैक्टरी में जोरदार धमाका हुआ। लोग कुछ समझ पाते, तब तक धुएं का गुबार उठने लगा। फैक्टरी में बॉयलर जैसा कोई उपकरण फटने की चर्चा होने लगी। लोग बड़े हादसे की आशंका से सहम गए। कुछ देर में ही सहजनवां पुलिस भी फैक्टरी पहुंच गई।हालांकि, बाद में पता चला कि फैक्टरी की भट्ठी में उबाल आने की वजह से धमाका हुआ था। उस दौरान भट्ठी के नजदीक मौजूद एक क्रेन चालक झुलस गया, जिसे तुरंत एंबुलेंस से शहर के एक निजी अस्पताल भेजा गया। बताया जा रहा है कि क्रेन चालक आजमगढ़ निवासी 33 वर्षीय राधेश्याम राजभर है।

## डंपर की ठोकर से ई-रिक्शा सवार की मौत, तोड़फोड़-आगजनी; पुलिस को भी दौड़ाया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**गोरखपुर।** जानकारी के मुताबिक, चिलुआताल थाना क्षेत्र के विशुनपुर सप्तहिया गांव निवासी जवाहिर प्रसाद (43) रविवार रात में गोरखपुर



से काम कर ई-रिक्शा से घर लौट रहा था। ई-रिक्शा पर कुल चार लोग सवार थे। सोनबरसा गांव के ईंट-भट्ठे के समीप मिट्टी की ढुलाई कर रहे एक डंपर ने ई-रिक्शा में ठोकर मार दिया। थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव के सामने रविवार रात करीब सवा दस बजे मिट्टी लदे डंपर से ई-रिक्शा को ठोकर लग गई। हादसे में ई-रिक्शा सवार चार लोगों में से एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे से आक्रोशित लोगों ने तीन डंपरों को रोककर तोड़फोड़ करते हुए जमकर बवाल काटा। एक डंपर में आग भी लगा दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह से लोगों को शांत कराया और तीनों घायलों को बीआरडी मेडिकल कॉलेज भिजवाया। मृत युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया।जानकारी के मुताबिक, चिलुआताल थाना क्षेत्र के विशुनपुर सप्तहिया गांव निवासी जवाहिर प्रसाद (43) रविवार रात में गोरखपुर से काम कर ई-रिक्शा से घर लौट रहा था। ई-रिक्शा पर कुल चार लोग सवार थे। सोनबरसा गांव के ईंट-भट्ठे के समीप मिट्टी की ढुलाई कर रहे एक डंपर ने ई-रिक्शा में ठोकर मार दिया। हादसे में ई-रिक्शा सवार जवाहिर प्रसाद की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सुनकर मौके पर जुटे लोग आक्रोशित हो गए और उस दौरान सड़क से गुजरे तीन डंपरों को रोककर तोड़फोड़ की। ग्रामीणों का गुस्सा देखकर डंपर चालक मौका देख भाग निकले। लोगों ने एक डंपर में आग भी लगा दी। घटना की सूचना पर पहुंची चिलुआताल पुलिस ने घायल तीनों युवकों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवाया। करीब दो घंटे तक हंगामा चलता रहा।रात करीब 12 बजे अनियंत्रित भीड़ ने डंपरों में तोड़फोड़ के बाद एक डंपर में आग लगा दी। पुलिसवालों ने किसी तरह से मामले को संभाल लिया। भीड़ शांत होकर लौटने ही वाली थी कि पुलिसवालों ने तीनों डंपरों को वहां से हटवाना शुरू कर दिया।

## संचालक समेत 5 आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई, मरीजों का करते थे सौदा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**गोरखपुर।** 17 जनवरी को देवरानी लीलावती देवी के बच्चे की तबीयत बिगड़ने पर 108 नंबर एंबुलेंस से बीआरडी भर्ती करने के लिए लेकर गईं। लेकिन बाल रोग सेवा संस्थान के कर्मचारियों ने बताया कि वेंटिलेटर खाली नहीं है। बीआरडी से बाहर निकली तो बिचौलिया अमन गुप्ता ने एंबुलेंस चालक से मरीज खरीदने के बाद निजी अस्पताल को बेच दिया था। अर्पित हॉस्पिटल के संचालक सहित पांच आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। संचालक प्रवीन जेल में बंद है। वहीं अन्य चार आरोपी जमानत पर हैं। देवरिया जिले के बरहज थाना क्षेत्र के बेलदार गांव निवासी प्रवीण सिंह आर्मेनिया से चिकित्सक की फर्जी डिग्री हासिल कर चिलुआताल क्षेत्र के करीमनगर में अर्पित हॉस्पिटल संचालित कर रहा था। हॉस्पिटल डॉ. साकेत सलीम के नाम से पंजीकृत था। आरोप है कि हॉस्पिटल में मरीजों की ओपीडी संचालित नहीं होने से हॉस्पिटल का बिल और भाड़ा बढ़ने लगा तो अस्पताल के मैनेजर तुषार टेकड़ीवाल के माध्यम से बिचौलियों



से संपर्क स्थापित कर लिया। बिचौलिए मेडिकल कॉलेज से तीमारदारों को बरगलाकर मरीज को हॉस्पिटल में बेचते और इसके बदले प्रवीन सिंह कमीशन लेते रहे। मरीजों को बेचने का मामला तब सामने आया जब देवरिया जिले के सलेमपुर क्षेत्र के वार्ड नंबर 11 भरौली निवासी लक्ष्मी देवी ने तहरीर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि 17 जनवरी को देवरानी लीलावती देवी के बच्चे की तबीयत बिगड़ने पर 108 नंबर एंबुलेंस से बीआरडी भर्ती करने के लिए लेकर गईं। लेकिन बाल रोग सेवा संस्थान के कर्मचारियों ने बताया कि वेंटिलेटर खाली नहीं है। बीआरडी से बाहर निकली तो बिचौलिया अमन गुप्ता ने एंबुलेंस चालक से मरीज खरीदने के बाद निजी अस्पताल को बेच दिया था। हालत में सुधार न होने पर अस्पताल प्रशासन से रेफर करने के लिए कहा तो स्टाफ ने बच्चे को गलत इंजेक्शन लगाकर जान से मारने की धमकी दी थी। मामले में गुलरिहा पुलिस आरोपित 108 एंबुलेंस चालक व ईएमटी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की तो परत दर परत खुलती गई। मामले में बिचौलिया अमन गुप्ता, हॉस्पिटल मैनेजर तुषार टेकड़ीवाल समेत प्रवीन सिंह का नाम प्रकाश में आया था। मामले में सभी आरोपितों को पुलिस जेल भिजवा दिया था। रविवार को प्रभारी निरीक्षक जीतेंद्र कुमार सिंह की संस्तुति पर अर्पित हॉस्पिटल संचालक प्रवीन सिंह, मैनेजर तुषार टेकडीवाल, एम्बुलेंस माफिया अमन गुप्ता, 108 एम्बुलेंस चालक मुनेंद्र व इएमटी मिथिलेश के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई।

## मौत का बदला लेने को बेटे ने खेला खूनी खेल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**लखनऊ।** राजधानी में आरोपी ने साथियों के साथ मिलकर पहले युवक को पीटा। इसके बाद गला घोंटकर हत्या कर दी। लाश को पिता की समाधि पर रखकर आरोपी फरार हो गए। बाप की मौत का बदला लेने के लिए बेटे ने यह खूनी खेल खेला। पुलिस सभी आरोपों की जांच कर रही है। राजधानी लखनऊ में युवक ने साथियों के साथ पहले मजदूर को पीटा। इसके बाद बेल्ट से गला कसकर उसकी हत्या कर दी। घटना की जानकारी मिली तो मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। घरवाले रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करके जानकारी जुटाई। घटना नगराम थाना क्षेत्र के कुबहरा गांव की है।

## अवध के कई जिलों में गिरे ओले, पूर्वांचल में चार मौतें कई इलाकों में हो सकती है बारिश

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**लखनऊ।** यूपी में मौसम अभी भी बिगड़ा हुआ है। रविवार को अवध के कई जिलों में ओले गिरे। पूर्वांचल में बारिश की वजह से अलग-अलग चार मौतें हुईं। सीएम योगी ने राहत और बचाव कार्य को लेकर निर्देश दिए। राजधानी में रविवार को दिन चढ़ने के साथ तपिश और उमस महसूस की गई, लेकिन दोपहर बाद तेज हवाओं और बादलों की आवाजाही से मौसम




बदला। दोपहर बाद पुराने लखनऊ, ठाकुरगंज और बाराबंकी तथा हरदोई सीमा से सटे इलाकों में फुहारें भी पड़ीं। इस दौरान 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि सोमवार को ऐसा ही मौसम रहने वाला है। इसके पहले रविवार को रायबरेली सहित अवध के कई जिलों में ओले गिरे। अवध के साथ पूर्वांचल में भी मौसम बिगड़ा रहा। यहां बिजली और दीवार गिरने से चार लोगों की मौत हो गई। मौसमी बदलाव से दिन के तापमान में 0.6 डिग्री और रात में 1.1 डिग्री की गिरावट आई है। बादलों की आवाजाही और तेज हवाओं ने शाम का मौसम बेहद खुशनुमा बना दिया। अधिकतम तापमान 37.9 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र अमौसी के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के साथ ही उत्तरी-पश्चिमी राजस्थान और पश्चिमी यूपी के ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है। वहीं पूर्वा और दक्षिणी पश्चिमी हवाओं के समागम का भी प्रभाव है। इन वजहों से लखनऊ सोमवार को भी गरज चमक के साथ कहीं कहीं फुहारें पड़ सकती हैं।






प्रदेश आस/पास



भारत

# जनपद में नीट की परीक्षा सकुशल संपन्न- एडीएम



(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**रायबरेली।** 04 मई 2025, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ ने बताया कि जनपद में नीट 2025 की परीक्षा पांच केंद्रों में सकुशल संपन्न हुई, आज की आयोजित परीक्षा में कुल 2328 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी, जिसमें से 81 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। उन्होंने बताया कि परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र में मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई थी तथा पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। जनपद में परीक्षा सकुशल संपन्न हुई।

# भारत निर्वाचन आयोग जल्द ही हितधारकों के लिए एक एकल - बिंदु ऐप लॉन्च करेगा

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**रायबरेली।** एक प्रमुख पहल के तहत,भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचकों और इनके अन्य हितधारकों जैसे चुनाव पदधारियों, राजनीतिक दलों और नागरिक समाज के लिए एक नया उपयोगकर्ता अनुकूल डिजिटल इंटरफ़ेस विकसित कर रहा है। यह नया वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म, ईसीआई- नेट,आयोग के 40 से अधिक मौजूदा मोबाइल और वेब एप्लिकेशनों को एकीकृत करेगा और अनुकूल (ादिगहू) बनाएगा। ईसीआई-नेट में एक सुंदर यूजर इंटरफेस (यूआई) और एक सरलीकृत यूजर एक्सपीरियंस (यूएक्स) होगा, जो चुनाव- संबंधित सभी गतिविधियों के लिए एक एकल प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराएगा यह प्लेटफ़ॉर्म उपयोगकर्ताओं को कई ऐप डाउनलोड करने और नेविगेट करने तथा अलग-अलग लॉगिन याद रखने के बोझ को कम करने के लिए भी डिज़ाइन किया गया है। इस प्लेटफॉर्म की परिकल्पना भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) श्री ज्ञानेश कुमार ने निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधु और निर्वाचन आयुक्त डॉ. विवेक जोशी की उपस्थिति में मार्च 2025 में आयोजित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) के सम्मेलन के दौरान की थी। ईसीआई-नेट उपयोगकर्ताओं को अपने डेस्कटॉप या स्मार्टफ़ोन पर सुसंगत चुनावी डेटा तक पहुँचने में भी सक्षम बनाएगा। यह सुनिश्चित करने के लिए कि डेटा यथासंभव सटीक है, ईसीआई- नेट पर डेटा केवल आयोग के अधिकृत पदधारी द्वारा दर्ज किया जाएगा। संबंधित पदधारी द्वारा की गई प्रविष्टि से यह सुनिश्चित होगा कि हितधारकों को उपलब्ध कराया गया डेटा यथासंभव सटीक है। हालांकि, किसी भी विवाद के मामले में, सांविधिक फॉर्मों में विधिवत भरा गया प्राथमिक डेटा ही मान्य होगा। ईसीआई-नेट में वोटर हेल्पलाइन ऐप, वोटर टर्नआउट ऐप, सी-विजिल, सुविधा 2.0, ईएसएमएस, सक्षम और केवाईसी ऐप जैसे मौजूदा ऐप शामिल होंगे, जिन्हें कुल मिलाकर 5.5 करोड़ से ज्यादा बार डाउनलोड किया जा चुका है (ऐप्स की पूरी सूची संलग्न है)। ईसीआई-नेट से लगभग 100 करोड़ निर्वाचकों और सम्पूर्ण चुनावी तंत्र को फायदा मिलने की उम्मीद है, जिसमें देश भर के 10.5 लाख से ज्यादा बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ), राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त लगभग 15 लाख बूथ लेवल एजेंट (बीएलए), लगभग 45 लाख मतदान पदधारी, 15,597 सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ), 4,123 ईआरओ और 767 ज़िला चुनाव अधिकारी (डीईओ) शामिल हैं। ईसीआई-नेट पहले ही अपने विकास के उन्नत चरण में पहुंच चुका है और इसकी सुचारू कार्यक्षमता,उपयोग में आसानी और मजबूत साइबर सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करने के लिए कठोर परीक्षण किए जा रहे हैं। इसे सभी राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों के 36 सीईओ, 767 डीईओ और उनके राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के 4,123 ईआरओ को शामिल करके एक विस्तृत परामर्शी प्रयोग करने के साथ-साथ समय-समय पर आयोग द्वारा जारी चुनावी ढांचे, अनुदेशों और पुस्तिकाओं के 9,000 पृष्ठों वाले 76 प्रकाशनों की समीक्षा करने के बाद विकसित किया जा रहा है। ईसीआई-नेट के माध्यम से उपलब्ध कराए गए आंकड़े लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, 1951, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 तथा निर्वाचनों का संचालन नियम,1961 और आयोग द्वारा समय-समय पर जारी अनुदेशों द्वारा स्थापित कानूनी ढांचों के सख्त दायरे के भीतर होंगे तथा इसके अनुरूप होंगे।

# फायरिंग कर घायल करने वाले चारो आरोपी अमलाई पुलिस द्वारा गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**शहडोल।** थाना अमलाई क्षेत्रांतर्गत 30 अप्रैल 2025 को फरियादी



अनीश कुमार सिंह, निवासी अमलाई ओपीएम कॉलोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पूर्व रंजिश के चलते आरोपीगण बबलू उर्फ कन्हैया शर्मा, बल्ली उर्फ सूर्यप्रताप सिंह, गोपालू एवं बिज्जू पनिका ने अमलाई ओपीएम के सब्जी ग्राउंड के पास जान से मारने की नीयत से मारपीट कर, देशी कट्टे से पैर में गोली मारकर घायल कर दिया। अमलाई पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल अपराध दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के अंतर्गत विवेचना प्रारंभ की। पुलिस द्वारा घटना की विवेचना के दौरान पता-साजी के प्रयासों के पश्चात सभी चार आरोपियों को गिरफ्तार आपराध में उपयुक्त एक अदद देशी कट्टा 315 बोर कीमती करीबन 5,000 रु. अमलाई पुलिस द्वारा जप्त किया गया एवं सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तार आरोपी बबलू उर्फ कन्हैया शर्मा पिता गणेश प्रसाद शर्मा, उम्र 43 वर्ष, निवासी ग्राम धनगवां, थाना जैतहरी, गोपाल उर्फ गोपाल पिता खजांची चौहान, उम्र 39 वर्ष, निवासी रॉवल मार्केट, अमलाई, बल्ली उर्फ सूर्यप्रताप सिंह पिता महावीर सिंह, उम्र 42 वर्ष, निवासी प्रियदर्शनी कॉलोनी, बकहो, आरोपी विजय उर्फ बिज्जू पनिका पिता दिनेश पनिका, उम्र 28 वर्ष, निवासी रॉवल मार्केट, अमलाई। उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में सउनि, करतार सिंह, सउनि. दीपक तिवारी, सउनि, अमृतलाल सिंह परस्ते, प्रआर, पुष्पेंद्र कुमार, प्रआर, मुकेश कुमार, राकेश सिंह, आर. कृष्णानंद यादव, गुलाब सिंह एवं प्रआर, नरेंद्र सिंह कुशराम की सराहनीय भूमिका में की गई।

# इलाज के दौरान मरीज की मौत, परिजनों ने निजी अस्पताल में किया हंगामा-लगाया ये आरोप

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**गोरखपुर ।** खुखुंदू थाना क्षेत्र के ग्राम अधैला निवासी अशोक 60 पुत्र रमाशंकर यादव के सीने में तेज दर्द की शिकायत होने पर एक मई की देर रात में परिजनों ने शहर के राजकीय आईटीआई के सामने स्थित सावित्री नर्सिंग होम में भर्ती ने शहर के राजकीय आईटीआई के सामने स्थित सावित्री नर्सिंग होम में भर्ती कराया। धीरे-धीरे उनकी तबीयत में सुधार हो रहा था।मृतक के पुत्र नवनीत यादव ने कोतवाली पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि चार घंटे के इलाज के बाद ही उनके पिता के स्वास्थ्य



कराया। धीरे-धीरे उनकी तबीयत में सुधार हो रहा था। इसी बीच अचानक मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर मनमानी और इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। शहर के सावित्री नर्सिंग होम में सोमवार की सुबह इलाज के दौरान एक मरीज की मौत हो गई। आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल पर जमकर हंगामा किया और देवरिया-गोरखपुर मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया, जिससे करीब 20 मिनट तक प्रभावित रहे। मौके पर पहुंची पुलिस ने जाम को समाप्त कराया।खुखुंदू थाना क्षेत्र के ग्राम अधैला निवासी अशोक 60 पुत्र रमाशंकर यादव के सीने में तेज दर्द की शिकायत होने पर एक मई की देर रात में परिजनों में काफी सुधार हो गया था, लेकिन पैसे बढ़ाने के उद्देश्य से अस्पताल प्रशासन की ओर से उन्हें डिस्चार्ज नहीं किया जा रहा था। तीन मई को परिजनों ने डिस्चार्ज करने की बात कही, लेकिन अस्पताल प्रशासन इसे टालता रहा। सोमवार की सुबह उनके पिता अशोक की अस्पताल में ही मृत्यु हो गई। उन्होंने पुलिस से अस्पताल के जिम्मेदारों पर मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। उधर, हंगामा व जाम की सूचना पर सीओ सिटी संजय रेड्डी और कोतवाल दिलीप सिंह मय फोर्स अस्पताल पहुंचे और परिजनों को शांत कराने का प्रयास किया। पुलिस के पहुंचने के बाद मुख्य मार्ग पर लगा जाम समाप्त हुआ।

# गाजीपुर में आंधी-बारिश का कहर, दीवार गिरने से दंपती की मौत, मची चीख-पुकार; दर्जनभर गिरे पेड़

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**गाजीपुर।** यूपी के कई जिलों में एकाएक मौसम बदलने से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया। वहीं गाजीपुर



में दो लोगों की मौत हो गई। आंधी से दर्जनभर पेड़ भी गिर गए। रास्ता जाम होने की सूचना पर सरकारी कर्मियों ने टहनियों को हटाकर रास्ता चालू करवाया जानकारी के अनुसार, बहादुर राम मजदूरी कर अपना परिवार चलाता था। उसके दो बेटे सुजीत (21) और सत्यप्रकाश (19) हैं। बदले मौसम में कहीं झमाझम बारिश हुई तो कहीं ओले गिरे। आंधी का असर पूरे जिले में रहा। तेज हवाओं के साथ धूल भरी आंधी चली। तापमान गिरने से कुछ देर के लिए लोगों को गर्मी से राहत मिली लेकिन तीन बजे के बाद तेज धूप निकलने से उमस बढ़ गई। मौसम में आने वाले बदलाव को लेकर एक दिन पूर्व ही आपदा विभाग ने एडवाइजरी जारी की थी। जिले के सैदपुर, सेवराई, नंदगंज और जमानिया में आंधी के साथ बारिश हुई। सैदपुर नगर समेत हसनपुर, शरीफपुर, गैवीपुर आदि स्थानों पर पांच मिनट तक ओले गिरे। आंधी से 10 से 11 पेड़ गिर गए। कई टीन शेड और छप्पर उड़ गए। दोपहर दो बजे के पहले तक तेज धूप थी। दो बजे के बाद आसमान में बादल छा गए। कुछ ही देर में धूल भरी तेज हवा चलने लगी। इसके बाद 15 मिनट तक बूंदाबांदी हुई। एक दिन पूर्व ही आपदा विभाग ने एडवाइजरी जारी करते हुए जिले को येलो जोन में डाला था। एडवाइजरी पांच मई तक के लिए जारी की गई है। जिले का अधिकतम तापमान 35 और न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पीजी कॉलेज मौसम वेधशाला के मदन गोपाल दत्ता ने बताया कि 25 से 30 किलोमीटर की रफ्तार से हवा चली। नंदगंज बाजार के संकट मोचन गली में एक कच्चे मकान में लगा सीमेंट का करकट टूटकर गिर गया। औड़िहार में 11000 वोल्ट के तार से ताड़ के पेड़ में आग लग गई।

# देश आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई चाहता है', राफेल विमान पर 'नींबू-मिर्च' वाले बयान पर अड़े कांग्रेस नेता राय

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**वाराणसी ।** कांग्रेस के यूपी अध्यक्ष ने पहलगाम हमले को लेकर सरकार के खिलाफ तल्ख टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि देश में सिर्फ लड़ाकू विमान खरीदे जा रह हैं, उसका उपयोग नहीं हो रहा। कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्हें समर्थन देने वालों को खत्म किया जाना चाहिए। राफेल लिखा हुआ और नींबू-मिर्च से सजा हुआ खिलौना विमान दिखाकर विवाद खड़ा करने के एक दिन बाद, कांग्रेस नेता



अजय राय ने सोमवार को अपनी टिप्पणी को और पुख्ता किया। कहा कि उन्होंने लड़ाकू विमान को प्रतीकात्मक रूप से पेश, किया क्योंकि देश पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई देखना चाहता है। अजय राय ने कहा कि मैं बस यह पूछ रहा हूं कि राफेल अपना काम कब करेगा?उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि कांग्रेस सरकार के साथ खड़ी है, लेकिन सरकार को फैसला लेना है और जब वह ऐसा नहीं करेगी तो लोग सवाल उठाएंगे और उसकी आलोचना करेंगे। कांग्रेस नेता ने बीते रविवार को पहलगाम आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ केंद्र सरकार की आलोचना की थी। कहा था कि उन्होंने राफेल लड़ाकू विमान खरीदे हैं जो 'नींबू मिर्च' लगे हुए हैंगर में पड़े हैं।अजय राय ने कहा कि पहलगाम में हमारे लोगों को मारने वालों को जवाब देने का समय आ गया है। जब रक्षा मंत्री राफेल की डिलीवरी लेने गए, तो उन्होंने राफेल पर नींबू-मिर्च लटका दी। मैं बस उनकी आंखें खोलना चाहता था और उन्हें दिखाना चाहता था कि देश के लोग आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई चाहते हैं। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि सत्ता में बैठे लोग, चाहे वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों, गृह मंत्री अमित शाह हों या रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हों, देश को भ्रमित कर रहे हैं। आरोप लगाया कि पहलगाम हमले के पीड़ितों के परिजनों के आंसू सूख गए हैं, लेकिन अभी तक सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की है अजय राय ने कहा कि राफेल जैसा विमान अभी भी नींबू-मिर्च के साथ खड़ा है, लेकिन सत्ता में बैठे लोग कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई के मुद्दे पर कांग्रेस पूरी तरह से सरकार के साथ है, लेकिन सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। राय ने आगे कहा कि पुलवामा हमले के बाद उन्होंने पूछा था कि आरडीएक्स कहां से आया और विस्फोट किसने किया, लेकिन घटना की रिपोर्ट अभी तक नहीं आई है। राय की टिप्पणी पर कई भाजपा नेताओं ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है।भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया कि राहुल गांधी के करीबी अजय राय राफेल पर अपने बयानों और हरकतों की वजह से अब पाकिस्तान की सुर्खियों में आ गए हैं। पूनावाला ने कहा, ठचन्नी, प्रियांक खड़गे, राजद सांसद सुधाकर सिंह, अजय राय - हमारे सैन्य बलों के मनोबल पर हमला संयोग नहीं बल्कि पाकिस्तान के साथ सहयोग है। भाजपा नेता प्रदीप भंडारी ने भी अपने एक्स प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया, ठराहुल गांधी के करीबी अजय राय ने हमारे सैन्य बलों का मजाक उड़ाया! कांग्रेस आज पाकिस्तानी कांग्रेस और भारत में आसिफ मुनीर के पाकिस्तान की प्रवक्ता बन गई है इस बीच, उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की नागरिकता को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में होने वाली सुनवाई पर भी बात की। राय ने कहा कि राहुल गांधी अपनी धरती के बेटे हैं, जिनके परिवार के सदस्यों ने देश के लिए अपनी जान कुर्बान की है और उन्हें किसी प्रमाण पत्र की जरूरत नहीं है।

# हर्ष फायरिंग, आरोपी के बेटे सहित दो को लगी गोली, ग्रामीणों ने बरातियों को बनाया बंधक; एक की हालत गंभीर

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**बलिया ।** बलिया के मौजा नेवादा गांव में हर्ष फायरिंग की सूचना पाकर मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। गांव



वालों ने बरातियों को बंधक बना लिया था। पुलिस ने उन्हें छुड़वाने के साथ ही मामला दर्ज कर तीन लोगों को हिरासत में ले लिया बलिया के भीमपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरवा रत्ती पट्टी के मौजा नेवादा गांव में बीती रात आई बारात में हर्ष फायरिंग के दौरान पिता द्वारा चलाई गई गोली से बेटा सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बरात में अफरातफरी मच गई। परिजनों ने इलाज के लिए पीएचसी नगरा भर्ती कराया। चिकित्सको ने स्थिति गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन बेहतर इलाज को मऊ स्थित निजी अस्पताल में लेकर चले गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच बंदूक व फायरिंग करने वाले को हिरासत में ले लिया।जानकारी के अनुसार, नेवादा (फरहा लौकी) गांव निवासी विशेश्वर राम की लड़की की शादी में मऊ जिले के कोपागंज थाना क्षेत्र के पिपरौता से बरात आई थी। द्वारपूजा होने के बाद बरातियों को जलपान कराया जा रहा था।इसी बीच बराती पक्ष के शिवशंकर ने अपनी एक नाली बंदूक से हर्ष फायरिंग किया। लड़की पक्ष के लक्ष्मण कुमार (25) पुत्र रूपचंद्र प्रसाद के जांघ में गोली लग गई। वहीं, बगल में खड़े शिवशंकर के छोटे बेटे शिवम कुमार (14) के गर्दन के पास लग गई। इसकी खबर लगते ही बारात में भगदड़ मच गई। गांव वालों ने बरातियों को बंधक बना लिया। घायल को उपचार के लिए नगरा पीएचसी लेकर गए ,जहां से हालत गंभीर होने पर मऊ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। लक्ष्मण की हालत गंभीर बनी हुई थी। घटना की खबर लगते ही भीमपुरा, उभांव व नगरा थाना की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच, बरातियों को छुड़ाया और समझाकर लड़की की शादी कराई गई। पुलिस ने असलहा सहित तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस बाबत थाना प्रभारी मदन पटेल ने बताया कि घायलों का इलाज चल रहा है।

# वन विभाग स्कूलों में लेगा बच्चों की क्लास, देगा पौधे लगाने की ट्रेनिंग; पाठशाला में ये होगा खास

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**वाराणसी ।** वन विभाग पेड़-पौधों की देखरेख के बारे में बच्चों को शिक्षित करेगा। इस पाठशाला में पौधें लगाने की भी ट्रेनिंग दी जाएगी। विभाग के अफसर स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों के लिए विशेष जा सकता है। पौधा लगाने का वैज्ञानिक तरीका क्या है, उसके लिए उपयुक्त मिट्टी कौन सी है या शुरुआत में उसे किस तरह के पोषण और पानी की आवश्यकता होती है। जानकारी की इसी कमी के कारण लगाए



कक्षाएं भी आयोजित करेंगे। वन विभाग ने पर्यावरण को हरा-भरा बनाने और लगाए गए पौधों की सुरक्षा के लिए कवायद शुरू कर दी है। इसके लिए वह लोगों को पौधे लगाने के लिए ट्रेनिंग देगा। खासकर विद्यालयों में विद्यार्थियों की क्लास भी लेगा। वन विभाग के अधिकारी स्कूल में जाकर विद्यार्थियों को पौधे लगाने के लिए गड्ढा खोदने, मिट्टी डालने, पौधे लगाने, उसकी देख रेख करने, किस समय पर खाद या पानी देना है, इन सबकी ट्रेनिंग देंगे। विद्यार्थियों को अपनी नर्सरी में बुलाकर ट्रेनिंग भी देंगे।वन विभाग के अनुसार पौधरोपण के दौरान बड़ी संख्या में पौधे लगाए तो जाते हैं, लेकिन सही जानकारी और देखभाल के अभाव में उनमें से कई जीवित नहीं रह पाते। इसी समस्या को देखते हुए विभाग यह पहल कर रहा है। जब लोगों को पौधे लगाने की सही जानकारी हो जाएगी, तो पौधे को बचाया गए अधिकांश पौधे या तो सूख जाते हैं या ठीक से विकसित नहीं हो पाते।विभाग के अधिकारी स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षाएं भी आयोजित करेंगे। इन कक्षाओं में उन्हें न केवल पौधे लगाने का तरीका सिखाया जाएगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में भी जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही विभाग की योजना है कि विद्यार्थियों को वन विभाग की नर्सरियों में भी बुलाया जाएगा। नर्सरी में वे देख और सीख सकेंगे कि बीज से पौधा कैसे तैयार होता है और उसे जमीन में लगाने से लेकर बड़ा पेड़ बनने तक उसकी देखभाल कैसे करनी होती है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को शुरू करने में लगभग दो महीने का समय लगेगा। विभाग इस पूरे कार्यक्रम की विस्तृत योजना और मॉड्यूल तैयार करने में जुटा हुआ है।

# एयरफोर्स परिसर में चला सर्च ऑपरेशन, दीवार फांदकर अंदर पहुंचा संदिग्ध, जवानों ने पकड़ा

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**गोरखपुर ।** छावनी के वायु सेना बोर्ड में एक संदिग्ध प्लेटफार्म की तरफ से दीवार फांदकर अंदर घुसा। इसके बाद एयरफोर्स परिसर में आया। सूचना पर नदेसर चौकी प्रभारी फ़ोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पकड़े गए युवक की पहचान गोलू कुमार (17 वर्ष), पुत्र राजकिशोर शाह, निवासी गरखा रामपुर कोई संदिग्ध व्यक्ति नहीं मिला। गोलू के पास से 100 रूपये एक ब्राउन वॉलेट में मिला, जबकि कोई पहचान पत्र बरामद नहीं हुआ। प्राप्त मोबाइल नंबर पर संपर्क करने पर



सर्च ऑपरेशन किया गया। बाद में युवक को पकड़ लिया गया लेकिन तलाशी में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। पूछताछ जारी है। वायुसेना प्रवरण बोर्ड के रेजिडेंशियल क्वार्टर में रविवार को एक अज्ञात युवक के कूदने की सूचना पर अफरा-तफरी मच गई। हाल ही में पहलगाम हमले की पृष्ठभूमि के चलते सैन्य और अन्य खुफिया इकाइयां सतर्क हो गईं। संदिग्ध गतिविधि की सूचना पर युवक से गहन पूछताछ की गई, जिसमें उसके परिसर में घुसने का कोई आपराधिक मंतव्य सामने नहीं बाजार, थाना गरखा, जिला सारण, बिहार के रूप में हुई। गोलू ने बताया कि वह बिहार में सीएनजी ऑटो चलाता है और घूमने वाराणसी आया था। लखनऊ स्टेशन पर ट्रेन यात्रा के दौरान रास्ते में एक अज्ञात व्यक्ति प्रशांत कुमार से मुलाक़ात हुई औ? बातचीत मे भरोसे पर लेकर उसने 1000 रूपये लिए और कहा कि वाराणसी स्थित घर चलकर वह वापस करेगा। कैंट परिसर के पास पहुंचने पर वह व्यक्ति उस पर चढ़कर अंदर कूद गया। कैंपस की तलाशी ली गई लेकिन उसके दादा ने बताया कि उन्हें जानकारी नहीं थी कि गोलू वाराणसी में है। कैंट पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। फिलहाल पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है। तहरीर एस. प्रसाद, जूनियर वारंट अफसर, चार वायुसेना प्रवरण बोर्ड द्वारा दी गई।कैंट पुलिस फिलहाल युवक से पूछताछ करते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही मे लगी हुई है फिलहाल सेना का सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी है।परिसर के अंदर व बाहर दोनो तरफ आई बी भी जांच कर रही है।

# बहराइच से आई मादा भेड़िया भैरवी की मौत, 'भैरव' हुआ अकेला


(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**गोरखपुर ।** 20 जनवरी को सीएम योगी आदित्यनाथ ने दोनों को बाड़े में छोड़कर नामकरण किया। नर भेड़िए का नाम भैरव और मादा का भैरवी रखा था। अभी कुछ दिन पहले ही चीता केसरी की भी मौत हो गई थी चिड़ियाघर में सोमवार को बहराइच से लाई गई मादा भेड़िया (भैरवी) की मौत हो गई। मौत के कारण का अभी पता नहीं चल सका है। सूत्रों का कहना है कि भैरवी ने एक दिन से पानी भी नहीं पीया था। कुछ दिनों पहले पीलीभीत से लाए गए बाघ की भी चिड़ियाघर में मौत हो गई थी।बहराइच से सितंबर 2024 में दो आदमखोर भेड़ियों को रेस्क्यू



कर शहीद अशफाक उल्लाह खां प्राणी उद्यान में लाया गया था। इसमें एक नर और एक मादा भेड़िया शामिल थी। दोनों को पहले रेस्क्यू सेंटर में रखा गया। वहां इनके लिए जगह कम थी तो बाड़े में रखने का फैसला लिया गया।इन्होंने इंसानों पर हमला किया था इसीलिए इन्हें वापस जंगल में नहीं छोड़ा गया। 20 जनवरी को सीएम योगी आदित्यनाथ ने दोनों को बाड़े में छोड़कर नामकरण किया। नर भेड़िए का नाम भैरव और मादा का भैरवी रखा। दोनों में नजदीकियां भी बढ़ रही थीं लेकिन जंगल वापस जाने के लिए हमेशा परेशान रहते थे इसी बीच भैरवी की तबियत बिगड़ी और उसने सोमवार को दम तोड़ दिया। चिड़ियाघर के अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा।

# मिर्जापुर, सोनभद्र



## पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा एवं अन्य अधिकारियों द्वारा मृतक मुख्य आरक्षी मान्धाता सिंह को रिजर्व पुलिस लाइन में दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** थाना कोन पर पीआरवी 112 में नियुक्त मुख्य आरक्षी मान्धाता सिंह जो मूल रूप से ग्राम ग्राम पहाड़ीपुर, थाना मोहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर के निवासी थे तथा दिनांक 03.05.2025 को पीआरवी 1338 पर समय 09.00 बजे से रात्रि 21.00 बजे तक ड्यूटी नियमानुसार सम्पादित की गयी थी, बाद समाप्त ड्यूटी भोजन करने के उपरान्त अपने बैरक में सोये हुए थे। आज दिनांक 04.05.2025 को समय करीब 07.00 बजे अचानक तबीयत बिगड़ गयी थाने पर मौजूद अधिकारी कर्मचारीगण की मदद से प्राथमिक उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोन ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा द्वारा पुलिस लाइन में दिवंगत मुख्य आरक्षी मान्धाता सिंह के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं शोकाकुल परिवार के सदस्यों को सांत्वना दी गयी तथा मौके पर उपस्थित अन्य अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा भी शोक संतृप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य आरक्षी मान्धाता सिंह के पार्थिव शरीर को रिजर्व पुलिस लाइन में अन्तिम सलामी देने के उपरान्त उनके शरीर को ससम्मान परिजनों को सुपुर्द किया गया।



## थाना रॉबटर्सगंज पुलिस द्वारा खनन से सम्बन्धित प्रकरण में वांछित 02 नफर अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा द्वारा अपराध एंव अपराधियों की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व एवं कुशल मार्ग दर्शन मे थाना रावटर्सगंज पुलिस द्वारा आज दिनांक 04.05.2025 को मु.अ.सं.327/2025 धारा 61(2)ख, 318(4), 336(3), 338, 340(2), 303(2), 317(2) भारतीय न्याय संहिता 2023, 3(1)/58/72(6) उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमावली 2021, 3/4 खान एवं खनिज (विकास का विनियमन) अधिनियम 1957, 3 सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम से सम्बन्धित अभियुक्त आकाश केशरी पुत्र घनश्याम केशरी निवासी ग्राम खैरटिया थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र करीब 34 वर्ष एवं मु0अ0सं0 424/2024 धारा 379, 411, 186 भा0द0वि0 व 3(1),58,72(6) उ0प्र0 उपखनिज परिहार नियमावली एवं 4, 21, 3 खान एवं खनिज (विकास का विनियमन) अधिनियम थाना रॉबट्सगंज जनपद सोनभद्र से सम्बन्धित अभियुक्त सारनाथ यादव पुत्र राम लखन यादव ग्राम काटा हथिया, थाना चन्दौली जनपद चन्दौली को गिरफ्तार कर चालान माननीय न्यायालय किया गया।
गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण- 1. आकाश केशरी पुत्र घनश्याम केशरी निवासी ग्राम खैरटिया थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र करीब 34 वर्ष। 2. सारनाथ यादव पुत्र राम लखन यादव ग्राम काटा हथिया, थाना चन्दौली जनपद चन्दौली। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण- 1. प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार राय मय हमराह थाना रॉबट्सगंज जनपद सोनभद्र।



## थाना रॉबट्र्सगंज पुलिस द्वारा शादी का झांसा देकर लड़का पक्ष से पैसा, जेवरात लेकर फरार हो जाने से सम्बन्धित प्रकरण में एक नफर अभियुक्ता को किया गया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सोनभद्र के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण/नेतृत्व में थाना रॉबट्सगंज पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-450/2025 धारा 319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2) भारतीय न्याय संहिता, थाना रावट्सगंज जनपद सोनभद्र से सम्बन्धित एक नफर अभियुक्ता पुष्पा पत्नी विकास निवासी सलखन नौका टोला थाना चोपन जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 29 वर्ष जो अपने गिरोह के साथ मिलकर शादी करने हेतु बाहरी लोगो को बुलाकर अपने जाल मे फंसाकर शादी का नाटक करके लड़का पक्ष से पैसा, रुपये एवं जेवरात लेकर फरार हो जाने के सम्बन्ध मे प्राप्त सूचना के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। आज दिनांक04.05.2025 को थाना रॉबट्सगंज पुलिस द्वारा उक्त अभियुक्ता को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया गिरफ्तार अभियुक्ता का विवरण- 01. पुष्पा पत्नी विकास निवासी सलखन नौका टोला थाना चोपन जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 29 वर्ष गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण- 01. उ0नि0 बृजेश दूबे मय टीम थाना रॉबट्सगंज जनपद सोनभद्र।



## विवेचनाओं का त्वरित निस्तारण हेतु दिये निर्देश:डॉ चारू

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** क्षेत्राधिकारी नगर डॉ0 चारू द्विवेदी द्वारा सर्किल नगर का थाना रॉबट्सगंज पर अर्दली रूम किया गया । अर्दली रूम के दौरान क्षेत्राधिकारी द्वारा थाना रॉबट्र्सगंज पर पुरुष/महिला बीट आरक्षियों की बीट बुक/ रजिस्टर चेक की गयी। इसके अतिरिक्त क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा अधिक समय से लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए वांछित अभियुक्तों व वारंटियों की गिरफ्तारी करने, आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों एवं शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण, रात्रि में चौराहे/तिराहे पर चेकिंग करके अपराधियों के संचरण पर रोक लगाने सहित अन्य अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने, अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के तस्करों व क्रय विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने, थाने के मालों का निस्तारण तथा महिला संबंधी अपराधों में त्वरित गति से कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए । इसके साथ ही वर्तमान समय में शासन एवं उच्चाधिकारीगण द्वारा जारी आदेशों एवं अभियानों के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।



## सोनभद्र के कोने-कोने तक फैला हुआ है फर्जी अस्पतालों, क्लिनिक, लैब,अल्ट्रासाउंड केंद्र का मकड़जाल-राकेश केशरी(सामाजिक कार्यकर्ता)

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।**जनपद मुख्यालय समेत जनपद सोनभद्र के कोने-कोने में अवैध अस्पतालों का मकड़जाल फैला हुआ है। वैसे तो एक अस्पताल खोलने के लिए कई मानकों को पूरा करना पड़ता है,भारतीय चिकित्सा परिषद/राज्य चिकित्सा परिषद से प्रमाण पत्र,डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ के लिए प्रासंगिक योग्यता दस्तावेज,प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से एनओसी प्रमाण पत्र,चिकित्सा अपशिष्ट के निपटान के लिए एनओसी प्रमाण पत्र,अग्निशमन विभाग से एनओसी प्रमाण पत्र,हेल्थकेयर फैसिलिटी रजिस्ट्री (एचएफआर) का प्रमाण पत्र,हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स रजिस्ट्री (एचपीआर) का प्रमाण पत्र,बकायदा बिल्डिंग का नक्शा पास करा कर सारे दस्तावेजों को तैयार करना पड़ता है। लेकिन यहां तो मानकों के विपरीत एक छोटे से कमरे में तथाकथित कुछ डॉक्टर्स के नाम पर पूरे अस्पताल का संचालन किया जा रहा है जबकी जिस डा0का नाम लिखा रहता है वह कभी आते ही नही। यह सब स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से साठगांठ बनाकर अस्पताल संचालित किए जा रहे हैं।जनपद सोनभद्र में फर्जी अस्पतालों, क्लिनिक, अल्ट्रासाउंड केंद्र के खिलाफ लगातार छोटी-बड़ी शिकायतें होती रहती हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी जांच करने के नाम पर मामले को दबा देते हैं और कोई कार्यवाई नहीं होती है। इस तरह के अस्तपताल गरीब और लाचार से उपचार के नाम पर पैसा लिया जाता है हर वर्ष सैकड़ो लोग अप्रषिक्षित अवैध खुद को डा0बताने वालों के उनके उपचार के वजह से जान चली जाती हैं कई ने इस तरह खिलवाड़ करने वाले ऐसे तमाम अवैध अस्पतालों के खिलाफ मोर्चा खोला था। लेकिन जब रक्षक ही भक्षक बन बैठे तो लोगों को इंसाफ कहां से मिलेगा। ऐसा भी नहीं है कि जनपद में अवैध अस्पतालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती है। वर्ष के शुरुआती दिनों में कई अवैध अस्पतालों पर जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए कुछ अस्पतालों क्लिनिक,लैब,अल्ट्रासाउंड केंद्र को सील कर दिया जाता है।लेकिन कुछ दिनों बाद ही अस्पताल संचालकों ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से साठगांठ स्थापित कर पुनः अस्पतालों का संचालन शुरू कर दिया। उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ द्वारा लगातार निर्देशित किया जाता है कि क्षेत्र में कोई भी अवैध अस्पताल, क्लिनिक, लैब,अल्ट्रासाउंड केंद्र का बिल्कुल संचालन न किया जाए परंतु जनपद के स्वास्थ के जिम्मेदार अधिकारीयों के कोई फर्क नहीं पड़ रहा हैं।विपरीत चल रहे तमाम फर्जी अस्पतालों, अल्ट्रासाउंड केंद्र,लैब के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए जनपद सोनभद्र में स्वास्थ्य विभाग के इस पुरे मामले को लेकर राकेश केशरी सामाजिक कार्यकर्ता ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक को पत्र भेज जांच व कार्यवाही की मांग की।

## एडिशनल एसपी ने विवेचना रजिस्टर का निरीक्षण कर दिए निर्देश

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** पुलिस लाईन चुर्क, सोनभद्र स्थित सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह द्वारा जनपद के समस्त विवेचको के विवेचना रजिस्टर का निरीक्षण व बीट सुदृढ़ीकरण के सम्बन्ध में जनपद के समस्त बीट कर्मियों के बीट बुक का निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षण के दौरान बीट कर्मियों को बीट क्षेत्र में नियमित रूप से भ्रमण करते हुये बीट क्षेत्र में होने वाले अवैध कार्यों के सम्बन्ध में अभिसूचना संकलन करने तथा अवैध शराब/मादक पदार्थों/छेड़खानी/महिला उत्पीड़न में लिप्त अपराधियों व मनचलों/शोहदों के सम्बन्ध में जानकारी एकत्र किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही बीट में प्रभावी कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारीगण से प्राप्त निर्देशों से अवगत कराते हुये ब्रीफ किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय द्वारा बीट कर्मियों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा गया तथा प्रकाश में आने वाली समस्याओं के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारीगणों को निर्देशित किया गया।



## चौधरी अजीत सिंह की पुण्यतिथि धूमधाम से मनाने की तैयारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** मंगलवार छः म?ई को सिंचाई डाक बंगला रावट्र्सगंज में राष्ट्रीय लोक दल के संस्थापक स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह की चौथी पुण्यतिथि धूमधाम से मनाने की तैयारी में लगे राष्ट्रीय लोक दल सोनभद्र के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष श्रीकांत त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक संगठनों के लोगों के साथ की बैठक। श्रीकांत त्रिपाठी ने बताया कि किसानों एवं कामगारों के लिए चौधरी अजीत सिंह जी का योगदान सदैव याद किया जाता रहेगा। छः तारीख को सिंचाई डाक बंगले पर पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई जाएगी। श्रीकांत त्रिपाठी ने पूर्वांचल नव निर्माण मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गिरीश पाण्डेय से भी मुलाकात कर कार्यक्रम में आमंत्रित किया। इस मौके पर राष्ट्रीय लोक दल युवा प्रदेश सचिव विवेक चतुर्वेदी, रोहित सिंह, विकास पाण्डेय, पवन शुक्ला उपस्थित थे।



# मरीजों के परिजनों ने अस्पताल में किया हंगामा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।**डॉक्टर को इलाज़ में लापरवाही बरतने के परिजनों ने आरोप लगा कर में किया हंगामा। इमरजेंसी में तैनात डॉ0. शांतनु कुमार ने दूर से देखकर ही मरीज को किया जिला अस्पताल रेफर। मरीज के परिजनों ने डॉक्टर पर बदतमीजी करने का लगाया गंम्भीर आरोप। मरीज के परिजनों ने डॉक्टर पर ऑन ड्यूटी शराब का सेवन करने का भी लगाया आरोप। सी एच सी चोपन अस्पताल में तैनात डॉ0 शांतनु कुमार ने मीडिया से भी किया झड़प। सीएचसी पर तैनात डॉ0 शांतनु कुमार ने मिडिया का मोबाइल फोन छीन कर फेंका। डॉ0 शांतनु कुमार हमेशा रहते है विवादों में इनके ऊपर स्वास्थ्य विभाग है मेहरबान। हादसे के बाद मरीज को इलाज़ के लिए लाया गया था चोपन हॉस्पिटल। घायल के सिर, हाथ में गंभीर चोट आने की वजह से कराया गया था भर्ती। चोपन थाना क्षेत्र के सीएचसी चोपन का बताया जा रहा है पूरा मामला।



## वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के तहत अल्पसंख्यक प्रबुद्ध संवाद कार्यकम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** नगर पालिका सभागार रॉबट्सगंज पर सम्पन्न हुयी संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सदर विधायक श्री भूपेश चौबे जी व विशिष्ठ अतिथि के रुप मे नगर पालिका अध्यक्ष रॉबट्र्सगंज श्रीमती रूबी प्रसाद जी मौजूद रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला मंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा श्री अनवर अली व संचालन वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के सह संयोजक अल्ताफ कादरी ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि श्री भूपेश जी ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक 2025 कमजोर वर्ग एवं मुस्लिम महिलाओं को आर्थिक व सामाजिक रुप से मजबूत करने मे सहायक साबित होगा आगे कहा कि वक्फ इस्लामी कानून के अंतर्गत स्थापित एक अपरिवर्तनीय धर्मार्थ निधि है, जिसे भारत में वक्फ अधिनियम, 1995 के तहत मान्यता प्राप्त और विनियमित किया जाता है। वक्फ बोर्ड और उनके द्वारा नियंत्रित सम्पत्तियाँ भारत में इस्लामिक जीवन के महत्वपूर्ण अंग हैं, क्योंकि वे अनगिनत मस्जिदों, धार्मिक और परोपकारी संस्थानों के संरक्षक के रूप में कार्य करते हैं। साथ में उन्होंने यह भी बताया कि 2018 की केंद्रीय वक्फ परिषद रिपोर्ट के अनुसार भारत में 8 लाख एकड़ से अधिक वक्फ संपत्ति है, जिसकी अनुमानित कीमत रू0 10 लाख करोड़ से अधिक है। यू0पी0ए0 सरकार द्वारा प्रस्तुत वक्फ संशोधन अधिनियम, 2013 ने वक्फ बोर्ड की शक्तियों का विस्तार करके मनमाने ढंग से भूमि अधिग्रहण को सक्षम करके सम्पत्ति के अधिकारों को कमजोर कर दिया। इसमें पारदर्शिता की कमी और हितधारकों की चिंताओं को नजर अंदाज करने के साथ ही बिना किसी नियम कानून के फैसले किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ठ अतिथि श्रीमती रूबी प्रसाद जी ने कहा कि जैसे-राज्य-वित्तपोषित सर्वेक्षण और वक्फ संपत्ति पर प्रतिबंध राज्य सरकार के अधिकार और गैर-मुस्लिम दान को शामिल करने की सीमाएँ, वक्फ परिषद की बढ़ी शक्तियाँ और वक्फ संपत्ति पर लेनदेन पर प्रतिबंध, राज्यों पर बोझ और मनमाने भूमि दावे, यू0पी0ए0 सरकार द्वारा 2014 के विधेयक में वक्फ बोर्ड को और अधिक व्यापक शक्ति देने का प्रस्ताव किया गया के साथ - साथ अनेको वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 की मुख्य विशेषताओं पर विस्तृत चर्चा किया। वक्फ संशोधन विधेयक 2025 कमजोर वर्ग एवं मुस्लिम महिलाओं को आर्थिक व सामाजिक रुप से मजबूत करने मे सहायक साबित होगा यह विधेयक विरासत एवं व्यक्तिगत संपत्तियों के अधिकारों की सुरक्षा करेगा मुस्लिम महिलाओं को आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति मे सुधार होगा विपक्ष का एजेंडा नकारात्मक प्रचार से लोगो को भ्रमित करने का है। प्रधानमंत्री मोदी जी का संकल्प सबका साथ सबका विकास व सबका विश्वास है और यही संकल्प केन्द्र सरकार की प्रत्येक योजना एवं निर्णय में परिलक्षित होता है। सह संयोजक अल्ताफ कादरी ने आये हुए मुख्यअतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रबुद्धजनों व कार्यकर्ताओं से कहा कि आप लोग अपने-अपने मंडलों में वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के बारे में सामाजों में जाकर चर्चा करें एवं कार्यक्रम समापन की घोषणा की। कार्यक्रम मे मुख्यरुप से पूर्व सभासद दानिश खान,अनवर अली, अजहर खां, मुस्ताक अहमद खां, चिरागुद्दीन खां, मुस्तफा जमाल सुन्ना, तौकिर खान पूर्व उपाध्यक्ष मुस्तकीम, सरवर अंसारी, हाफिज जावेद, मुन्ना खान, सैय्यद नजीर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### किटिकल मरीज का सफलतापूर्वक डॉ अखिलेश ने किया आपरेशन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** नेशनल हॉस्पिटल धर्मशाला रोड, राबटर्सगंज सोनभद्र में मरीज साहिद पुत्र अल्ताफ अली उम्र 16 वर्ष ग्राम दूबेपुर पोस्ट-पवनी जिला सोनभद्र का निवासी है, जो 23.04.2025 को शाम के समय पहाड़ पर से गिर गया था, तत्काल मरीज को लेकर जिला अस्पताल लोढ़ी गये फिर वहाँ पर इनके मरीज का इलाज हुआ, लेकिन मरीज को कोई आराम न मिलने के कारण मरीज को नेशनल हॉस्पिटल राबर्ट्सगंज सोनभद्र के वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ0 अखिलेश पटेल जी से चिकित्सीय परामर्श किये वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ0 अखिलेश पटेल ने मरीज की बिमारी का निश्चित रूप से इलाज हो जायेगा। हड्डी रोग चिकित्सक डॉ0 अखिलेश पटेल ने मरीज को देखने के बाद आश्वासन देते हुये कहा की मरीज की रीढ़ की हड्डी टूट गयी है और दोनों पैर काम करना बंद कर दिया है और बताया की मरीज का ड11 (डी0 इलेवन) फ्रैक्चर के साथ-साथ पैराप्लेजिया हो गया है।

## जातीय जनगणना पर प्रधानमंत्री को धन्यवाद - सुहेलदेव

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर जी के दिशा-निर्देशन में प्रदेशव्यापी आह्वान के अंतर्गत जातीय जनगणना की घोषणा पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह अभियान सामाजिक न्याय, समान अवसर और हाशिए पर मौजूद वर्गों की पहचान और सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर की निर्देशानुसार पार्टी कार्यकर्ताओ द्वारा जनपद सोनभद्र के समस्त तहसीलो ने उपजिलाधिकारी महोदय के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उत्तर प्रदेश सरकार को धन्यवाद ज्ञापन किया गया। केंद्र व प्रदेश सरकार के कार्यों से प्रभावित होकर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने 2025-26 की गठबंधन सरकार को समर्थन दिया है। सदर तहसील यहाँ जिला अध्यक्ष मनोज देव पांडेय के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने कहा, जातीय जनगणना केवल आंकड़े नहीं बल्कि सामाजिक न्याय का औजार है। इससे यह स्पष्ट होगा कि किन वर्गों को आज भी विकास से वंचित रखा गया है।इस अवसर पर बाबूलाल मौर्य, चन्दन धागर सोनमती, शेषमणि, लालबहादुर कोल, रामअधार आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने जातीय आंकड़ों के आधार पर योजनाओं के निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया घोरावल तहसीलः जिलाउपाध्यक्ष कमलेश यादव के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सचिव सौरव कान्त पति तिवारी ने उपस्थित रहकर कहा, जातीय जनगणना से सामाजिक संरचना को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझने में मदद मिलेगी। इससे नीतियाँ अधिक प्रभावशाली बनेंगी। संतपति मिश्रा, बाबूलाल यादव, शक्ति सिंह पटेल, अनिल, विनोद कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता इस मुहिम में सहभागी बने ओबरा तहसीलःविधानसभा अध्यक्ष अशोक कुमार गुर्जर के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष व मिर्जापुर मंडल समन्वयक राजेश यादव एवं प्रदेश संगठन मंत्री (पूर्वांचल) राजेंद्र पटेल मौजूद रहे। राजेश यादव ने कहा, सटीक जातीय आंकड़ों के बिना सामाजिक न्याय अधूरा है। जातीय जनगणना से ही कमजोर वर्गों की सही पहचान संभव है। इस अवसर पर अमरेश यादव, जितेंद्र निषाद, विजेंद्र मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी रही। दुद्धी तहसीलः यहाँ जिला महासचिव जोगिंदर के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ। अनिल कुमार, नवीन , पुनीत चौबे आदि कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सभी ने यह साझा किया कि जातीय जनगणना से उन समुदायों को न्याय मिलेगा जो दशकों से अदृश्य बने हुए हैं। निष्कर्षः जातीय जनगणना केवल सामाजिक आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि यह सामाजिक न्याय की आधारशिला है। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी इसे गरीब, पिछड़े, दलित और वंचित समाज के अधिकारों की पुनर्स्थापना के रूप में देखती है। प्रधानमंत्री द्वारा इस दिशा में लिए गए निर्णय के लिए पार्टी आभार प्रकट करती है और मांग करती है कि यह कार्य पारदर्शिता और संवेदनशीलता से शीघ्र पूरा किया जाए।



# स्पोर्ट्स





## जीत के साथ कोलकाता की आस बरकरा दिल्ली ने घर में गंवाया तीसरा मुकाबला जानिए अंक तालिका का हाल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दिल्ली ने इस सत्र में कुल चार मुकाबले अपने घर में खेले हैं। इनमें उन्होंने तीन मैच गंवाए जबकि एक में उन्हें सुपरओवर में जीत मिली है। वहीं, घर से बाहर जीते जबकि एक में उन्हें शिकस्त मिली है। मंगलवार को इस जीत के साथ कोलकाता ने अपनी प्लेऑफ की आस बरकरार रखी है। उनके खाते में नौ अंक हो गए और उनका नेट रन रेट 0.271 हो गया है।



अक्षर पटेल की टीम ने छह में से पांच मुकाबले जीते जबकि एक में उन्हें मात मिली है सुनील नरेन और वरुण चक्रवर्ती की घातक गेंदबाजी के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने दिल्ली कैपिटल्स को 14 रन से हरा दिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गत विजेता केकेआर ने अंगकृष रघुवंशी की 44 रनों की शानदार पारी की बदौलत 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 204 रन बनाए। जवाब में दिल्ली निर्धारित ओवर में नौ विकेट खोकर 190 रन बना पाई और लगातार दूसरा मुकाबला हार गई। केकेआर के लिए नरेन ने तीन और वरुण ने दो विकेट लिए जबकि अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा और आंद्रे रसेल को एक-एक सफलता मिली।दिल्ली ने इस सत्र में अबतक कुल चार मुकाबले अपने घर में खेले हैं। इनमें उन्होंने तीन मैच गंवाए जबकि एक में उन्हें सुपरओवर में जीत मिली है। वहीं, घर से बाहर अक्षर पटेल की टीम ने छह में से पांच मुकाबले वहीं, दिल्ली 12 अंक और 0.362 का नेट रन रेट लेकर चौथे स्थान पर है। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की शुरुआत झटके के साथ हुई थी। अनुकूल रॉय ने पहले ही ओवर में अभिषेक पोरेल को रसेल के हाथों कैच आउट कराया। वह सिर्फ चार रन बना सके। इसके बाद तीसरे और चौथे नंबर पर आए करुण नायर 15 और केएल राहुल सात रन बना पाए। चौथे विकेट के लिए फाफ डुप्लेसिस को कप्तान अक्षर पटेल का साथ मिला। दोनों के बीच 42 गेंदों में 76 रनों की साझेदारी हुई। नरेन ने अक्षर को अपना शिकार बनाया। वह चार चौके और तीन छक्के की मदद से 43 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, फाफ डुप्लेसिस ने 31 गेंदों में इस सत्र का अपना दूसरा पचासा पूरा किया। वह 45 गेंदों में 62 रन बनाकर पवेलियन लौटे। दिल्ली के लिए विप्रज निगम ने 38 रन बनाए। हालांकि, वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। उनके अलावा ट्रिस्टन स्टब्स ने एक रन, आशुतोष शर्मा ने सात रन और मिचेल स्टार्क खाता खोले बगैर आउट हो गए। वहीं, दुष्मंथा चमीरा और कुलदीप यादव क्रमशः दो और एक रन बनाकर नाबाद रहे।इस मैच में रहमनुल्लाह गुरबाज और सुनील नरेन ने दिल्ली को अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी हुई। स्टार्क ने गुरबाज को अपना शिकार बनाया। वह 12 गेंदों में पांच चौके और एक छक्के की मदद से 26 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद विप्रज निगम ने सुनील नरेन को एलबीडब्ल्यू आउट किया। वह 27 रन बनाकर पवेलियन लौटे। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए अजिंक्य रहाणे ने कुछ अच्छे शॉट खेले और 26 रन बनाने में कामयाब हुए। अंगकृष रघुवंशी ने रिंकू सिंह के साथ दिल्ली पर दबाव डालने की कोशिश की और 50 से ज्यादा रनों की साझेदारी निभाई। चमीरा ने रघुवंशी को पवेलियन की राह दिखाई। वह 32 गेंदों में 44 रन बनाकर आउट हुए जबकि रिंकू ने तीन चौके और एक छक्के की मदद से 36 रनों की अच्छी पारी खेली। वहीं, वेंकटेश अय्यर का बल्ला आज खामोश रहा। वह सिर्फ सात रन बना सके जबकि रसेल अपने जन्मदिन की रोज 17 रन बनाकर रनआउट हो गए। रोवमैन पॉवेल ने पांच रन बनाए और अनुकूल रॉय खाता भी नहीं खोल पाए। हर्षित राणा खाता खोले बिना नाबाद रहे और वरुण चक्रवर्ती ने एकङ रन बनाया। दिल्ली के लिए मिचेल स्टार्क ने तीन विकेट लिए जबकि विप्रज निगम और अक्षर पटेल को दो-दो विकेट मिले। वहीं, दुष्मंथा चमीरा ने एक सफलता अपने नाम की।

## बिहार क्रिकेट और द्रविड़ को धन्यवाद कहने के लिए शब्द नहीं हैं", शतक पर वैभव के पिता की प्रतिक्रिया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जाएंट्स के मालिक संजीव गोयनका ने एक तस्वीर साझा की है। यह तस्वीर 2017 की है। आठ साल पहले एक आईपीएल मैच देखने वाला यह युवा खिलाड़ी अब खुद ही इस लीग में धमाल मचा रहा है। यह कोई सपना सच होने जैसा है।आईपीएल में सबसे कम उम्र के शतकवीर वैभव सूर्यवंशी के पिता करने वाली पारी देखी। आज की सुबह मुझे वैभव सूर्यवंशी की आठ साल पुरानी तस्वीर मिली। तब वह छह साल के थे और तब की मेरी टीम राइजिंग पुणे सुपरजाएंट्स का समर्थन करने पहुंचे थे। शुक्रिया वैभव। आपको शुभकामनाएं।' संजीव गोयनका ने लखनऊ और राजस्थान के बीच मैच के बाद वैभव के साथ अपनी तस्वीर भी साझा की। आठ साल पहले एक आईपीएल मैच देखने



संजीव सूर्यवंशी ने बेटे की कामयाबी के लिए बिहार क्रिकेट और राजस्थान रॉयल्स के कोच राहुल द्रविड़ को धन्यवाद कहा है। संजीव ने कहा कि उनके पास बिहार क्रिकेट और द्रविड़ को शुक्रिया कहने के लिए शब्द नहीं हैं। वैभव ने सोमवार को 38 गेंदों में 101 रन की पारी खेलकर आईपीएल के सबसे युवा शतकवीर बनने का रिकॉर्ड बनाया। उनकी उम्र 14 साल और 32 दिन है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करते हुए 11 छक्के और सात चौके लगाए और राजस्थान रॉयल्स को जयपुर में आठ विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।सोशल मीडिया पर लखनऊ सुपर जाएंट्स के मालिक संजीव गोयनका ने एक तस्वीर साझा की है। यह तस्वीर 2017 की है। संजीव गोयनका ने लिखा, 'मैंने पिछली रात को इन की हैरान वाला यह युवा खिलाड़ी अब खुद ही इस लीग में धमाल मचा रहा है।अपने बेटे के क्रिकेट के सपने को पूरा करने के लिए संजीव सूर्यवंशी ने अपनी खेती की जमीन बेच दी थी, लेकिन वैभव के धमाकेदार प्रदर्शन के बाद वह कृतज्ञता की एक मिसाल बन गए। वैभव बिहार के समस्तीपुर शहर के रहने वाले हैं। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा जारी एक वीडियो में संजीव ने कहा, 'वैभव ने हमारे गांव को, बिहार को और पूरे भारत को गौरवान्वित किया है। हम इससे ज्यादा खुश नहीं हो सकते और जश्न मना रहे हैं। मैं राजस्थान रॉयल्स को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने पिछले तीन-चार महीनों में उन पर काफी काम किया है।' वैभव ने मैच के तुरंद बाद पिता से बातचीत भी की थी। राजस्थान रॉयल्स ने इसका वीडियो भी शेयर किया है।संजीव ने कहा, 'मैं वैभव के खेल को बेहतर बनाने के लिए मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और बाकी सहयोगी स्टाफ को धन्यवाद देना चाहता हूं। वैभव ने खुद अपने खेल पर बहुत मेहनत की है और यह शतक उसी का नतीजा है।' संजीव ने बिहार क्रिकेट संघ का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'मैं बिहार क्रिकेट प्रमुख राकेश तिवारी को भी धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने वैभव को इतनी कम उम्र में सीनियर स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया।' राजस्थान रॉयल्स ने पिछले साल मेगा नीलामी में 1.10 करोड़ रुपये खर्च करके वैभव की प्रतिभा में निवेश किया, जो उनके आधार मूल्य 30 लाख रुपये से लगभग चार गुना अधिक था। वह पहले ही भारत अंडर-19 के लिए खेल चुके हैं और जनवरी 2024 में मुंबई के खिलाफ प्रथम श्रेणी में डेब्यू कर चुके हैं। राजस्थान रॉयल्स ने वैभव को नागपुर में ट्रायल के लिए बुलाया था। वहां फ्रेंचाइजी के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ इस विस्फोटक बल्लेबाज की प्रतिभा से काफी प्रभावित हुए थे। विक्रम ने भी मैच के बाद वैभव की जमकर तारीफ की है। 14 वर्षीय बल्लेबाज ने अपनी पारी के दौरान गुजरात टाइटंस के ईशांत शर्मा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, वॉशिंगटन सुंदर, साथ ही अफगानिस्तान के राशिद खान और करीम जानत जैसे अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। राठौड़ ने कहा, 'हम पिछले कुछ महीनों से उन्हें नेट्स पर देख रहे हैं। हमें पता था कि वह क्या करने में सक्षम हैं और वह कौन से शॉट खेल सकते हैं। लेकिन खचाखच भरे स्टेडियम में और इस तरह की स्थिति में वास्तव में अच्छे गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ ऐसा करना, यह खास क्षण था।

## वनडे में सबसे तेज 500 रन बनाने वाली भारतीय बनीं प्रतिका, लगातार पांच पारियों में बनाए 50+ स्कोर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** त्रिकोणीय सीरीज के दूसरे मुकाबले में प्रतिका रावल ने वनडे में 500 रन पूरे कर लिए। उन्होंने अपने करियर की आठवीं पारी में शानदार अर्धशतक के साथ यह कारनामा किया और इंग्लैंड रन पूरे कर लिए। उन्होंने अपने करियर की आठवीं पारी में शानदार अर्धशतक के साथ यह कारनामा किया और इंग्लैंड की चार्लोट एडवर्ड्स को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने नौ पारियों में वनडे में 500 रन पूरे किए थे। सलामी बल्लेबाज ने 91



की चार्लोट एडवर्ड्स को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने नौ पारियों में वनडे में 500 रन पूरे किए थे। भारतीय महिला टीम की युवा बल्लेबाज प्रतिका रावल इन दिनों श्रीलंका दौरे पर हैं और त्रिकोणीय सीरीज में खेलती दिख रही हैं। मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में 24 वर्षीय बल्लेबाज ने अर्धशतकीय पारी के साथ बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह वनडे में सबसे कम पारियों में 500 रनों का आंकड़ा छूने वाली पहली भारतीय महिला बल्लेबाज बन गईं। त्रिकोणीय सीरीज के दूसरे मुकाबले में प्रतिका रावल ने वनडे में 500 गेंदों का सामना किया और 78 रनों की धमाकेदार पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से सात चौके और एक छक्का निकला। प्रतिका ने भारत के लिए पिछले साल दिसंबर में डेब्यू किया था। करियर के पहले ही मैच में उन्होंने नाबाद 50 रनों की पारी खेलकर अपने इरादे जाहिर कर दिए थे। दाएं हाथ की बल्लेबाज ने अब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगातार पांचवां अर्धशतक लगाकर पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज की बराबरी कर ली। दिग्गज बल्लेबाज ने पांच पारियों में लगातार 50ू स्कोर बनाए थे। अब यही कारनामा प्रतिका ने भी किया है।

## इंग्लैंड ने मुंबई इंडियंस की इस खिलाड़ी को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी, महिला टीम का कप्तान बनाया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सिवर हीथर नाइट की जगह महिला इंग्लैंड टीम की कमान संभालेंगी। नाइट ने लगातार खराब परिणामों के बाद कप्तान पद से इस्तीफा दे दिया था। इंग्लैंड एंड टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण में बाहर हो गया था और इस साल बहुप्रारूप (टेस्ट, वनडे और टी20) में खेली गई एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलिया से हार गया था। इंग्लैंड की पूर्व कप्तान चार्लोट एडवर्ड्स को



वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने नेट सिवर ब्रंट को इंग्लैंड की महिला टीम का कप्तान नियुक्त किया है। ब्रंट डब्ल्यूपीएल में मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व करती है और वह हीथर नाइट की जगह महिला इंग्लैंड टीम की कमान संभालेंगी। नाइट ने लगातार खराब परिणामों के बाद कप्तान पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने नौ साल तक टीम की कमान संभाली थी।इंग्लैंड पिछले साल इस महीने की शुरुआत में जॉन लुईस की जगह टीम का मुख्य कोच नियुक्त करने के बाद सिवर ब्रंट को टीम की कप्तानी सौंपी गई है। सिवर ब्रंट ने टीम की कमान मिलने के बाद कहा, मैं इंग्लैंड की महिला टीम की कप्तान की भूमिका निभाने पर वास्तव में गर्व महसूस कर रही हूं। मैं इस टीम को सफलता की ओर ले जाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करुंगी।

## अक्षर पटेल ने अंगुली की चोट पर दी जानकारी, सनराइजर्स के खिलाफ मैच से पहले फिट होने की उम्मीद जताई

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अक्षर को फील्डिंग के दौरान अंगुली में चोट लगी थी और अब उन्होंने इसके बारे में जानकारी दी और उम्मीद जताई कि वह सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच तक फिट हो जाएंगे। अंगुलीअक्षर को फील्डिंग के दौरान अंगुली में चोट लगी थी और अब उन्होंने इसके बारे में जानकारी दी और उम्मीद जताई कि वह सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच तक फिट हो जाएंगे। अक्षर ने कहा, गेंद रोकने के दौरान जब मैंने डाइव मारी तो मेरी अंगुली छिल गई, लेकिन अच्छी बात यह है कि तीन-चार दिन का ब्रेक है और मुझे उम्मीद है कि मैं समय से इससे उबर जाऊंगा। दिल्ली ने इस सत्र में अबतक कुल चार मुकाबले अपने घर में खेले हैं। इनमें उन्होंने तीन मैच गंवाए जबकि एक में उन्हें सुपरओवर में जीत मिली है। वहीं, घर से बाहर अक्षर पटेल की टीम ने छह में से पांच मुकाबले जीते जबकि एक में उन्हें शिकस्त मिली है। मंगलवार को इस जीत के साथ कोलकाता ने अपनी प्लेऑफ की आस बरकरार रखी है। उनके खाते में नौ अंक हो गए और उनका नेट रन रेट 0.271 हो गया है। वहीं, दिल्ली 12 अंक और 0.362 का नेट रन रेट लेकर चौथे स्थान पर है।



## आईसीसी ने लगाया भारतीय टीम पर जुर्माना, श्रीलंका के खिलाफ मैच में हुई इस गलती की मिली सजा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आईसीसी ने मंगलवार को भारतीय टीम पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया है। क्रिकेट की वैश्विक संस्था ने इसकी जानकारी देते हुए कहा- खिलाड़ियों और टीम के सहयोगी कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 ( न्यूनतम ओवर गति से संबंधित) के तहत खिलाड़ियों पर उनके द्वारा आवंटित समय में गेंदबाजी करने में विफल रहने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। श्रीलंका के खिलाफ त्रिकोणीय सीरीज के पहले मुकाबले में धीमी ओवर गति के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारतीय टीम पर जुर्माना लगाया है। यह मुकाबला रविवार को कोलंबो में ही खेला गया था जिसे हरमनप्रीत कौर की टीम ने नौ विकेट से जीता था।आईसीसी ने मंगलवार को भारतीय टीम पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया है। क्रिकेट की वैश्विक



संस्था ने इसकी जानकारी देते हुए कहा- खिलाड़ियों और टीम के सहयोगी कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 ( न्यूनतम ओवर गति से संबंधित) के तहत खिलाड़ियों पर उनके द्वारा आवंटित समय में गेंदबाजी करने में विफल रहने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अपराध और प्रस्तावित जुर्माने को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं पड़ी। मैदानी अंपायर अन्ना हैरिस और निमाली परेरा, तीसरे अंपायर लिंडन हैनिबल और चौथे अंपायर डेदुनु डी सिल्वा ने आरोप तय किए। त्रिकोणीय सीरीज के शुरुआती दोनों मैच भारतीय टीम ने जीते हैं। रविवार को कोलंबो में बारिश के कारण पहला मैच 39 ओवर का कर दिया गया था। टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की महिला टीम ने 38.1 ओवर में 10 विकेट खोकर 147 रन बनाए। जवाब में भारत ने 29.4 ओवर में एक विकेट गंवाकर 149 रन बनाए और 56 गेंदों के शेष रहते मुकाबला अपने नाम कर लिया। ऑफ स्पिनर राणा और बाएं हाथ की स्पिनर चरणी ने आठ-आठ ओवर के अपने कोटे को पूरा करते हुए क्रमशः 31 रन पर तीन और 26 रन पर दो विकेट चटकाए। अनुभवी ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा ने भी 5.1 ओवर में 22 रन देकर दो विकेट चटकाए। वहीं, त्रिकोणीय सीरीज के दूसरे मुकाबले में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 15 रन से हराया। मंगलवार को कोलंबो में खेले गए मुकाबले में प्रतिका रावल की अर्धशतकीय पारी के दम पर भारत ने 50 ओवर में छह विकेट खोकर 276 रन बनाए।

## राशि फल



| | | | |
|---|---|---|---|
| कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे है | आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे | किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं। | आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी। |
| आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। | नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे है तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। | आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते है। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी। | आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है। |
| स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी। | आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसनन्‍ रहेगा। | आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा। | मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे। |

## श्रीलंका के बाद द. अफ्रीका पर भी भारी पड़ीं बेटियां, 15 रन से जीता मैच; प्रतिका-राणा चमकीं

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**कोलंबो में खेले गए मुकाबले में प्रतिका रावल की अर्धशतकीय पारी के दम पर भारत ने 50 ओवर में छह विकेट खोकर 276 रन बनाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका 49.2 ओवर में 261 रन पर ऑलआउट हो गई। उनके लिए तजमीन ब्रिट्स ने सर्वाधिक 109 रन बनाए। श्रीलंका पर नौ विकेट से जीत के बाद भारतीय महिला टीम ने त्रिकोणीय सीरीज के दूसरे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 15 रन से हरा दिया। मंगलवार को कोलंबो में खेले गए मुकाबले में प्रतिका रावल की अर्धशतकीय पारी के दम पर भारत ने 50 ओवर में छह विकेट खोकर 276 रन बनाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका 49.2 ओवर में 261 रन पर ऑलआउट हो गई। उनके लिए तजमीन ब्रिट्स ने सर्वाधिक 109 रन बनाए। स्नेह राणा ने पांच विकेट लिए जबकि अरुंधति रेड्डी, श्री चरणी और दीप्ति शर्मा ने एक-एक सफलता हासिल की।लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका को लाउरा वोलवार्ड्ट और तजमीन ब्रिट्स ने अच्छी शुरुआत दिलाई थी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 140 रनों की विशाल साझेदारी हुई। लाउरा 43 रन बनाकर आउट हो गईं। इस मैच में भारतीय गेंदबाजों का दबदबा रहा। एक छोर तजमीन रन बना रहीं थीं, लेकिन उन्हें दूसरी छोर से साथ नहीं मिल रहा था। इसके बावजूद सलामी बल्लेबाज ने अपना शतक पूरा कर लिया। वह 107 गेंदों में 13 चौके और तीन छक्के की मदद से 109 रन बनाकर आउट हुईं। उनके अलावा एनेरी डर्कसन ने 30, सुनी लुस ने 28 और क्लो ट्रॉयन ने 18 रन बनाए। वहीं, लारा नौ, कराबो मीसो सात, क्लास दो, लाबा आठ रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, नादिन डी क्लार्क और आयाबोंगा खाका अपना खाता भी नहीं खोल पाईं। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारत को प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 83 रन की साझेदारी हुई। मंधाना पांच चौके की मदद से 36 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद रावल को हरलीन देओल का साथ मिला। दोनों ने 73 गेंदों में 68 रन जोड़े। लाबा ने सलामी बल्लेबाज प्रतिका को बोल्ड किया। वह 91 गेंदों में 78 रन बनाकर आउट हुईं। उन्होंने लगातार पांचवीं पारी में 50 से ज्यादा का स्कोर बनाया। वहीं, हरलीन 29 रन बनाने में कामयाब रहीं। उनके अलावा जेमिमा रोड्रिग्स ने 41, ऋचा घोष ने 24 और दीप्ति शर्मा ने नौ रन बनाए। कप्तान हरमनप्रीत कौर 41 और काश्वी गौतम पांच रन बनाकर नाबाद रहीं। दक्षिण अफ्रीका के लिए लाबा ने दो विकेट लिए जबकि आयाबोंगा, क्लास, नादिन डी क्लार्क और एनेरी डर्कसन को एक-एक सफलता मिली।




## सम्पादकीय

### दोहरे लाभ वाला बड़ा फैसला, सिंधु जल समझौते का स्थगन आतंक के खिलाफ त्वरित कूटनीतिक प्रतिक्रिया

पहलगाम आतंकी हमले के बाद उठाए गए जवाबी कदमों में सबसे अधिक चर्चा 1960 में हुए सिंधु जल समझौते के स्थगन की है। पाकिस्तान के साथ प्रत्यक्ष-परोक्ष युद्धों और निरंतर आतंकी हमलों के बाद भी भारत ने कभी इस समझौते से कदम पीछे खींचने का नहीं सोचा, जिससे उसे शायद ही कोई लाभ मिल पा रहा था। ऐसे में उसे स्थगित करने संबंधी भारत के दांव को महज त्वरित कूटनीतिक प्रतिक्रिया नहीं, अपितु राष्ट्रीय संसाधनों के नियंत्रण एवं उपयोग की रणनीति का नए सिरे से रेखांकन कहना कहीं अधिक उचित होगा। इसके दूरगामी परिणाम निकलेंगे, जिससे जम्मू-कश्मीर और पंजाब में पानी की आपूर्ति-उपलब्धता सुधरेगी। तात्कालिक दौर पर भारत का यह कदम भले ही प्रतीकात्मक लगे, लेकिन दीर्घकाल में यह सिंधु, चिनाब और झेलम जैसी नदियों पर बहुउद्देश्यीय बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के विकास में बहुत सहायक बनेगा। इस संधि से जुड़ी बाधाओं से मुक्ति के बाद देश को घरेलू फायदे के लिए पानी के उपयोग की गुंजाइश मिल गई है। यह नीतिगत परिवर्तन पश्चिमी नदियों के पानी को पूर्वी नदी प्रवाह तंत्र विशेषकर रावी और ब्यास से जोड़ने की राह खोलेगा, जिनका पानी पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में खेती के लिए जीवनरेखा जैसा है। यदि सिंधु जल संधि के स्थगन को अपेक्षित रूप से अमल में लाया गया तो यह कदम राज्यों के बीच पानी को लेकर विवादों पर विराम लगाने के साथ ही नहर सिंचित कृषि की कायापलट करने वाला सिद्ध हो सकता है। संधि की स्थगन अवधि तमाम लंबित प्राथमिकताओं की पूर्ति का अवसर बन सकती है। संधि के प्रविधानों के चलते अधर में अटकी पनबिजली परियोजनाओं की संभावनाएं तलाशी जाएं। संस्थागत क्षमताओं एवं तकनीकी विशेषज्ञता के चलते एनएचपीसी को यह जिम्मा सौंपा जा सकता है। सिंधु की मुख्य धारा पर भी बहुउद्देशीय परियोजनाएं विकसित करने पर मंथन हो। इससे भारत के दोहरे हितों की पूर्ति होगी। एक तो भारत के विकास संबंधी एजेंडे को गति मिलेगी तो दूसरी ओर भू-राजनीतिक परिवेश में पाकिस्तान को कड़ा संदेश भी मिलेगा। इस संधि के अंतर्गत अभी तक भारत केवल 5.6 प्रतिशत पानी का ही उपयोग कर पा रहा था। चूंकि अब यह संधि स्थगित हो गई है, इसलिए बरसर बांध जैसी परियोजनाएं गति पकड़ सकती हैं। इसके जरिये 45,000 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इसी तरह, चिनाब से दक्षिण कश्मीर के बागानों में सौर ऊर्जा के उपयोग से लिफ्ट इरिगेशन के जरिये 18,000 हेक्टेयर भूमि को उच्च-मूल्य वाली फसलों के क्षेत्र के रूप में रूपांतरित किया जा सकता है। पश्चिमी नदियों के पानी को मोड़ने का असर बहुत दूरगामी होगा। इस साल जून से परिचालन में आने वाली शाहपुर कंडी और प्रस्तावित प्रस्तावित परियोजनाओं के जरिये ही 3.8 से चार मिलियन एकड़ फीट पानी रावी-ब्यास नदी तंत्र में बढ़ेगा। इससे पंजाब में नहर सिंचाई का दायरा 7,80,000 हेक्टेयर से बढ़कर 11 लाख हेक्टेयर हो जाएगा। राजस्थान के लिए रावी-ब्यास के पानी की पात्रता के 80 प्रतिशत हिस्से की पूर्ति हो जाएगी। हरियाणा के साथ पानी की साझेदारी के समीकरण सुधरेंगे। इस राह में जोखिम के साथ ही भू-राजनीतिक एवं पारिस्थितिकीय पहलुओं का भी ध्यान रखना जरूरी है। पाकिस्तान पश्चिमी नदियों पर ही व्यापक रूप से निर्भर है। ऐसी स्थिति में पानी बंद होने से उसकी 1.2 करोड़ एकड़ कृषि भूमि प्रभावित हो सकती है। खासतौर से पंजाब और सिंध प्रांत मुश्किलों में घिर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, चिनाब और झेलम पर विशाल बांध बनाने से तलछट की कमी पंजाब के जलोढ़ मैदानों की उर्वरता पर बुरा असर डाल सकती है। इससे निपटने के लिए वहां खेती के तौर-तरीके बदलने पड़ सकते हैं। यह सब संभव हुआ तो संधि स्थगित करने का भारत का दांव पाकिस्तान में बैठे आतंक के आकाओं को करारा जवाब और इसका सूचक भी होगा कि उससे निपटने के लिए भारत के पास विकल्पों की कोई कमी नहीं है। भारत के लिए आवश्यक है कि वह इस संधि स्थगन के आलोक में अपनी प्राथमिकताएं तय करके उन पर अमल करने की दिशा में आगे बढ़े। इसमें पहली प्राथमिकता बरसर और सावलकोट बांध परियोजनाओं के निर्माण एवं परिचालन की होनी चाहिए।

# दिसंबर से गैर-कश्मीरियों पर बड़े हमले की फिराक में थे पाकिस्तानी दहशतगर्द; हाथ लगी सीक्रेट जानकारी

पहलगाम हमले में शामिल पाकिस्तानी आतंकियों को लेकर एक के बाद एक खुलासे हो रहे हैं। इस बीच एक सीक्रेट जानकारी सुरक्षा एजेंसियों के हाथ लगी है। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में जिन 3 संदिग्ध आतंकियों के स्कैच जारी हुए थे, उसमें एक की पहचान पाकिस्तानी आतंकी हाशिम मूसा के रूप में हुई है। साथ ही जांच एजेंसियों को यह भी पता लगा है कि मूसा दिसंबर से ही गैर कश्मीरियों पर किसी बड़े हमले की फिराक में था।खुफिया एजेंसियों की जांच के दौरान पहलगाम हमले में दो पाकिस्तानी आतंकियों हाशिम मूसा उर्फ सुलेमान और अली भाई के शामिल होने की जानकारी सामने आई है। इनमें से हाशिम मूसा पाकिस्तानी फौज की स्पेशल फोर्स का पैरा कमांडो रहा है और अब प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-ताइबा का सदस्य है। वह पिछले साल अक्तूबर में गंदरबल और बारामूला हमले में भी शामिल था।खुफिया एजेंसियों को पता चला है कि वह दिसंबर से कश्मीर में गैर-कश्मीरियों पर किसी बड़े हमले की फिराक में था। हमलावरों में शामिल हाशिम मूसा का कनेक्शन सीधे तौर पर पाकिस्तानी सुरक्षा बलों से रहा है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, पाकिस्तानी सेना के स्पेशल सर्विस ग्रुप (एसएसजी) ने पैरा-कमांडो रहे मूसा को भारत पर हमले में मदद करने के इरादे से ही लश्कर में शामिल कराया था। हाशिम मूसा अक्तूबर 2024 में गांदरबल के गगनगिर और बारामूला के बूटा पथरी में हुए आतंकी हमलों में भी हाशिम मूसा शामिल रहा है। गगनगिर में छह गैर-स्थानीय लोग और एक डॉक्टर दहशतगर्दों का निशाना बने थे और बूटा पथरी में दो भारतीय सैन्यकर्मी बलिदान हो गए और दो पोर्टर को भी अपनी जान गंवानी पड़ी थी। इन घटनाओं में पाकिस्तान में प्रशिक्षित दो स्थानीय आतंकियों जुनैद अहमद और अरबाज मीर का नाम सामने आया था जिन्हें नवंबर और दिसंबर 2024 में सुरक्षा बलों ने अलग-अलग मुठभेड़ों में मार गिराया था। इसके



बाद से ही मूसा कश्मीर घाटी में बड़े हमले की तैयारी में जुट गया था।मूसा के पाकिस्तानी सेना से जुड़े होने की जानकारी पहलगाम हमले के बाद हिरासत में लिए गए संदिग्ध ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) यानी आतंकियों के स्थानीय सहयोगियों से पूछताछ के दौरान सामने आई है। इस तथ्य ने एक बार फिर पाकिस्तान का नापाक चेहरा उजागर कर दिया है। इन्हीं कश्मीरी ओवरग्राउंड वर्कर्स ने उन आतंकियों की रसद की व्यवस्था करके और टोही में मदद की थी। पहलगाम आतंकी हमले में आईएसआई की भूमिका के साथ-साथ कश्मीर में पहले हुए कई हमलों में भी मूसा की भूमिका रही है। कश्मीर में अक्टूबर 2024 में गांदरबल के गागनगीर में हुए हमले में शामिल था। इसमें छह गैर-स्थानीय लोग और एक डॉक्टर मारे गए थे। इसके अलावा, बारामूला के बुटा पथरी में हुए हमले में दो सेना के जवान और दो सेना के पोर्टर मारे गए थे। इस हमले में मूसा की भूमिका रही है। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि मूसा का सैन्य अतीत पहलगाम हमले में पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई की संलिप्तता का स्पष्ट सबूत है। यह पहला मौका नहीं जब किसी पाकिस्तानी एसएसजी कमांडो की इस तरह की घटना में संलिप्तता सामने आई है। एसएसजी पैरा-कमांडो को गैर-परंपरागत युद्ध का कड़ा प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्हें ऐसे हमलों के लिए शारीरिक और मानसिक तौर पर तैयार किया जाता है और ये अत्याधुनिक हथियार चलाने में भी सक्षम होते हैं।मूसा तीनों हमलों में एक आम अपराधी के रूप में उभरा है। पाकिस्तान में प्रशिक्षित दो अन्य स्थानीय आतंकवादी जुनैद अहमद भट और अरबाज मीर भी गगनगीर और बूटा पथरी हमलों में शामिल थे, लेकिन नवंबर और दिसंबर 2024 में सुरक्षा बलों के साथ अलग-अलग मुठभेड़ों में उन्हें मार गिराया गया था। इन दोनों आतंकियों को मारे जाने से बाद से मूसा कश्मीर में बाहरी लोगों को निशाना बनाने के आतंकी मिशन को आगे बढ़ाने का काम कर रहा है।पहलगाम हमले के बाद नियंत्रण रेखा पर लगातार गोलीबारी कर रहा पाकिस्तान साइबर स्पेस में भारतीय संप्रभुता के उल्लंघन की नाकाम कोशिशों में जुटा है। इंटरनेट ऑफ खिलाफत यानी आईओके के नाम से काम कर रही पाकिस्तान की साइबर आर्मी ने भारतीय सेना पर साइबर हमले की कोशिश की लेकिन वास्तविक समय में सेंधमारी का पता लगाकर इसे नाकाम कर दिया गया।आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, आईओके हैकर ने कुछ महत्वपूर्ण वेबसाइट के पेजों को अपना निशाना बनाकर ऑनलाइन सेवाएं बाधित करने और व्यक्तिगत जानकारी हासिल करने की कोशिश की, लेकिन बहु-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के कारण न केवल इस सेंधमारी को नाकाम कर दिया गया लेकिन वास्तविक समय में इनके स्रोत का भी पता लगा लिया गया। सूत्रों के मुताबिक, महत्वपूर्ण राष्ट्रीय नेटवर्क को निशाना बनाने की चार कोशिशें की गईं।सूत्रों का कहना है कि हमले का लक्ष्य आर्मी पब्लिक स्कूल (एपीएस) श्रीनगर और एपीएस रानीखेत की वेबसाइटों को भड़काऊ सामग्री से भर देना था। इसी तरह सेना कल्याण आवास संगठन (एडब्ल्यूएचओ) डाटाबेस में सेंध लगाने की कोशिश हुई और भारतीय वायु सेना के प्लेसमेंट संगठन पोर्टल में भी सेंधमारी की कोशिश हुई। लेकिन किसी भी स्तर पर वर्गीकृत नेटवर्क प्रभावित नहीं हुआ। राष्ट्रीय नेटवर्क को अभेद्य पाकर कुछ स्कूलों की साइट को निशाना बनाने की कोशिश की गई।वहीं, वर्ष 2001 में आतंकवाद का रास्ता छोड़ कर मुख्य धारा में लौटने वाले रियासी के नबाबाद विजयपुर के मो. कालू उर्फ शकूर आतंकवादियों से लोहा लेने के लिए तैयार हैं। पहलगाम में आतंकियों की ओर से निहत्थे पर्यटकों पर किए गए हमले को लेकर उनके मन में बहुत गुस्सा है।कभी हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकवादी रहे कालू ने कहा कि जिन लोगों ने भी आतंकवाद का रास्ता छोड़ कर मुख्य धारा को अपनाया है, वे जिले के पहाड़ी इलाकों के चप्पे-चप्पे से अच्छी तरह वाकिफ हैं। उनको सभी रास्ते और आतंकियों के आने-जाने के रूट भी पता हैं। मुख्य धारा में लौट चुके ऐसे आतंकियों को सरकार की तरफ से हथियार उपलब्ध करवाए जाने चाहिए ताकि वे लोग दहशतगर्दों का मुकाबला कर उन्हें ढेर कर सकें। उन्होंने कहा कि पहलगाम जैसी घटना दोबारा नहीं हो, इसके लिए वह आतंकियों से लड़ने को तैयार है। मौजूदा समय मोहम्मद कालू मदरसे में बच्चों को शिक्षा दे रहे हैं।

## नींद में दिमाग कैसे काम करता है पर्याप्त नींद के अभाव में मनोभ्रंश का जोखिम अधिक

हाल में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, जिन लोगों की पर्याप्त नींद नहीं होती, उनको मनोभ्रंश का जोखिम ज्यादा होता है। तीस-चालीस की उम्र में नींद काफी बाधित होती है, इससे स्मृति व काम की क्षमता प्रभावित होती है, जिसका असर एकाध दशक बाद दिखता है। ऑस्ट्रेलियाई मनोवैज्ञानिक पेज मैथ्यू कहते हैं, 'गहरी नींद और आरईएम आपके दिमाग को थकान और तनाव से 'ठीक करने' तथा स्मृति को मजबूत करने में मदद करती हैं।' अच्छी नींद इस?पर निर्भर नहीं करती कि आप रात में कितने घंटे सोए। अच्छी नींद का मतलब है कि आप सुबह उठकर तरोताजा महसूस करें और दैनिक काम के लिए तैयार हो जाएं। अच्छी नींद स्वस्थ दिमाग के लिए महत्वपूर्ण है। जिन लोगों की नींद बाधित होती है, उनमें डिमेंशिया (मनोभ्रंश) का उच्च जोखिम रहता है, बजाय उन लोगों के, जिन्हें नींद संबंधी कोई शिकायत नहीं है।खराब नींद कई तरह से दिमाग को नुकसान पहुंचाती है। एक अध्ययन में पता चला है कि तीस-चालीस की उम्र में लोगों की नींद काफी बाधित होती है, इससे स्मृति व काम करने की क्षमता प्रभावित होती है, जिसका असर एकाध दशक बाद दिखता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि गहरी नींद व रैपिड आई मूवमेंट (आरईएम) दिमागी स्वास्थ्य के लिए बेहतर हैं। बीते महीने प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, वैज्ञानिकों ने एमआरआई जांच से पता किया कि गहरी नींद और आरईएम में कमी से तेरह से सत्रह साल बाद अल्जाइमर रोग जैसे लक्षण देखने को मिले।जब आप सोते हैं, तो आपका दिमाग लगातार अलग-अलग चरण पूरे करता है : हल्की नींद के दो चरण, जब शरीर आराम करता है और हृदय गति व तापमान कम होता है या जब नींद धीमी होती है और दिमागी गतिविधि मंद पड़ जाती है।

## सारी दुनिया की निगाहें वेटिकन पर, भारत सहित विश्व को है नए पोप का इंतजार

पोप यीशु मसीह के प्रेरित संत पेत्रुस का उत्तराधिकारी माना जाता है। कैथोलिक विश्वास के अनुसार, पोप को ईश्वर की इच्छा के अनुसार चर्च का मार्गदर्शन करने का दैवीय अधिकार प्राप्त है। वे विश्वभर के कैथोलिकों के लिए आध्यात्मिक पिता



और विश्वास के संरक्षक हैं। रोमन कैथोलिक चर्च, विश्व के सबसे बड़े ईसाई समुदाय का आध्यात्मिक केंद्र, अपने सर्वोच्च धर्मगुरु पोप के चयन की प्रक्रिया में प्रवेश कर रहा है। यह एक ऐसा क्षण है जो न केवल धार्मिक, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और वैश्विक दृष्टिकोण से भी ऐतिहासिक है। भारत, जहां लगभग 3 करोड़ ईसाई निवास करते हैं, सहित विश्वभर के अरबों लोग इस प्रक्रिया पर अपनी नजरें टिकाए हुए हैं। वेटिकन ने घोषणा की है कि पोप फ्रांसिस की 88 वर्ष की आयु में मृत्यु के बाद, उनके उत्तराधिकारी का चयन करने के लिए कॉन्क्लेव 7 मई को शुरू होगा। यह कॉन्क्लेव रोमन कैथोलिक चर्च के भविष्य को आकार देगा और वैश्विक धार्मिक परिदृश्य पर गहरा प्रभाव डालेगा।पोप यीशु मसीह के प्रेरित संत पेत्रुस का उत्तराधिकारी माना जाता है। कैथोलिक विश्वास के अनुसार, पोप को ईश्वर की इच्छा के अनुसार चर्च का मार्गदर्शन करने का दैवीय अधिकार प्राप्त है। वे विश्वभर के कैथोलिकों के लिए आध्यात्मिक पिता और विश्वास के संरक्षक हैं। पोप का पद न केवल धार्मिक, बल्कि सामाजिक और वैश्विक मुद्दों पर भी प्रभाव डालता है, क्योंकि वे शांति, न्याय और मानवता के लिए आवाज उठाते हैं। पोप को सेंट पीटर का उत्तराधिकारी माना जाता है। रोमन कैथोलिक चर्च के सर्वोच्च आध्यात्मिक नेता होने के नाते उनका अत्यधिक महत्व हैं। ईसाई मान्यता के अनुसार, यीशु मसीह ने सेंट पीटर को अपनी कलीसिया (चर्च) का आधार बनाया और पोप इस पवित्र परंपरा को आगे बढ़ाते हैं। वे विश्वभर के 1.4 अरब कैथोलिकों के लिए आस्था, एकता और मार्गदर्शन का प्रतीक हैं।दरअसल, पोप चर्च की शिक्षाओं को परिभाषित करते हैं और नैतिक व धार्मिक मुद्दों पर मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। उनकी शिक्षाएं विश्वासियों के जीवन को आकार देती हैं तथा पवित्र सैक्रामेंट्स की रक्षा करते हैं और चर्च की पवित्र परंपराओं को बनाए रखते हैं। विभिन्न संस्कृतियों और देशों के कैथोलिकों को एक सूत्र में बांधने का कार्य पोप करते हैं। भारत जैसे बहु-सांस्कृतिक देश में, जहां ईसाई समुदाय विविधता में एकता का प्रतीक है, पोप का नेतृत्व सामुदायिक एकजुटता को बल देता है। पोप अन्य धर्मों के साथ संवाद को बढ़ावा देते हैं। भारत जैसे बहुधार्मिक देश में, जहां हिंदू, मुस्लिम, सिख और अन्य धर्मों के लोग सह-अस्तित्व में रहते हैं, पोप का यह प्रयास शांति और सहिष्णुता को प्रोत्साहित करता है। सामाजिक न्याय, गरीबी उन्मूलन, पर्यावरण संरक्षण और मानवाधिकार जैसे मुद्दों पर पोप की आवाज वैश्विक मंच पर गूंजती है, जो न केवल कैथोलिकों, बल्कि सभी मानवता के लिए प्रेरणादायक है।कॉन्क्लेव में लगभग 130 कार्डिनल्स में से 100, जो 80 वर्ष से कम आयु के हैं, गुप्त मतदान के माध्यम से नए पोप का चयन करेंगे। दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता इस प्रक्रिया को जटिल बनाती है। 7 मई को सेंट पीटर बेसिलिका में मास के साथ शुरू होने वाला यह आयोजन सिस्टिन चैपल में मतदान के साथ आगे बढ़ेगा। प्रत्येक मतदान दौर के बाद, मतपत्रों को जलाया जाएगा और चिमनी से निकलने वाला धुआं विश्व को संदेश देगाः काला धुआं यदि सहमति नहीं बनी और सफेद धुआं जब नया पोप चुना जाएगा। भारत से लेकर विश्व के कोने-कोने तक, लोग इस धुएं का इंतजार करेंगे। कार्डिनल्स की तैयारी और चर्च के मुद्दे पोप फ्रांसिस की मृत्यु के बाद से कार्डिनल्स ने वेटिकन में बैठक शुरू कर दी हैं। ये बैठकें शोक समारोह की व्यवस्था के साथ-साथ चर्च के समक्ष चुनौतियों, जैसे विश्व और अन्य धर्मों के साथ संबंध, सुसमाचार प्रचार और चर्च में यौन शोषण जैसे गंभीर मुद्दों पर विचार-विमर्श के लिए हैं। वेटिकन के प्रवक्ता माटेओ ब्रूनी ने बताया कि कार्डिनल्स ने नए पोप में अपेक्षित गुणों पर भी चर्चा की। उम्मीदवारों की उम्र, देश और उनके विचार इस चयन में महत्वपूर्ण होंगे। कुछ कार्डिनल्स पोप फ्रांसिस के पादरी दृष्टिकोण को आगे बढ़ाना चाहेंगे।

## जैव विविधता के खजाने

सुंदरी वृक्ष कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित कर जलवायु परिवर्तन को कम करने में मदद करते हैं। इसकी जटिल जड़ प्रणाली तटीय क्षेत्रों को चक्रवात और समुद्री तूफानों से सुरक्षा प्रदान करती है। सुंदरबन, विश्व का सबसे बड़ा मैंग्रोव वन, अपनी समृद्ध जैव विविधता और सांस्कृतिक विरासत के लिए प्रसिद्ध है। इसका नाम



यहां प्रचुर मात्रा में पाए जाने वाले सुंदरी वृक्षों (पिूर्गि दिसे) के कारण पड़ा है। यह वन यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल है.पारंपरिक चिकित्सा में सुंदरी वृक्ष का उपयोग मधुमेह, यकृत विकार, पाचन समस्याओं और त्वचा रोगों के उपचार में किया जाता है। इन वृक्षों में एंटीनोसिसेप्टिव, एंटीऑक्सीडेंट, एंटीहाइपरग्लाइसेमिक, एंटीमाइक्रोबियल, और एंटीकैंसर जैसी महत्वपूर्ण औषधीय गुण पाए जाते हैं। सुंदरी वृक्ष की उलझी हुई घनी जड़ें मिट्टी के कटाव को रोकने में मदद करती हैं, जिससे यह पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।सुंदरी वृक्ष कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित कर जलवायु परिवर्तन को कम करने में मदद करते हैं। इसकी जटिल जड़ प्रणाली तटीय क्षेत्रों को चक्रवात और समुद्री तूफानों से सुरक्षा प्रदान करती है। यह वृक्ष खारे पानी में उगता है और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायता करता है। स्थानीय निवासी इस वन और इन वृक्षों को पवित्र मानते हैं। वे जंगल में प्रवेश करने से पहले बोनबीबी और दक्षिण राय की पूजा करते हैं, जिन्हें जंगल और उसके जीवों का संरक्षक माना जाता है। बाघों से बचाव के लिए लोग अपने सिर के पीछे मुखौटा बांधते हैं ताकि बाघ भ्रमित होकर हमला न करें।सुंदरी वृक्षों की संख्या में अत्यधिक कटाई, जलवायु परिवर्तन और 'टॉप डाइंग' रोग के कारण गिरावट आई है, जिससे इसे 'संकटग्रस्त' (र्हेिुा) श्रेणी में रखा गया है। स्थानीय महिलाएं, विशेषकर वे जिनके पति बाघों द्वारा मारे गए हैं, सुंदरी वृक्षों के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं, जिससे जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने में मदद मिल रही है।मेरा यह अनुभव बेहद सुंदर और दिल के करीब हैं। सुंदरवन की यात्रा अद्भुत अनुभव है।लगभग दस साल पहले मैंने सुंदरवन की यात्रा की थी, जो जीवन के सबसे अनमोल अनुभवों में से एक रहा। दो दिन की यह यात्रा बोट पर ही होती है- जहां दिन-रात उसी बोट में रहना होता है। यह आपको एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाती है और बीच-बीच में सुंदरवन के प्रमुख स्पॉट्स पर घुमाती है।नदी में चलते हुए मगरमच्छ, डॉल्फिन जैसे जलजीवों को देखना और किनारों पर फैली सुंदरी वृक्षों की सुंदरता मन मोह लेती है। इन वृक्षों की मिट्टी से निकली जड़ें और समुद्र की लहरों से टकराते दृश्य अत्यंत मनोहारी होते हैं। यहां जल, थल और आकाश- तीनों जगहों के जीव-जंतु एक साथ देखने को मिलते हैं।बोट पर रहते हुए ऐसा महसूस होता है मानो आप दुनिया की भीड़ से कटकर प्रकृति की गोद में खो गए हों - जहां सौंदर्य और रोमांच एक साथ आपके स्वागत में खड़े हैं।सुंदरबन की समृद्ध जैव विविधता और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए सुंदरी वृक्षों का संरक्षण आवश्यक है। स्थानीय समुदायों की भागीदारी और जागरूकता के माध्यम से इन वृक्षों की रक्षा की जा सकती है, ताकि यह अनमोल धरोहर भविष्य की पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रह सके।

## 2011 से वांछित प्रशांत कांबले 14 साल बाद रायगड से गिरफ्तार, 'नक्सल लिंक' का आरोप

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र एटीएस ने 2011 से फरार नक्सली आरोपी प्रशांत कांबले को रायगढ़ के खोपोली से गिरफ्तार किया। वह कबीर कला




मंच से जुड़ा था और गढ़चिरोली में माओवादियों के साथ सक्रिय था। कोर्ट ने उसे भगोड़ा घोषित किया था। अब 13 मई तक ऊए की हिरासत में भेजा गया है महाराष्ट्र एंटी टेररिज्म स्क्वॉड (एटीएस) ने रविवार को 44 वर्षीय प्रशांत जलिंदर कांबले उर्फ लैपटॉप को रायगढ़ जिले के खोपोली से गिरफ्तार किया। कांबले पर नक्सलियों से संबंध होने का आरोप है, जिसके चलते वो 2011 से फरार था। बता दें कि कांबले के खिलाफ 2011 में एक अर्बन नक्सल केस दर्ज किया गया था, जिसमें माओवादी नेता मिलिंद तेलतुंबड़े (जो दो साल पहले गढ़चिरोली में मारा गया था) और एंजेला सोनटक्के भी नामजद थे। एटीएस अधिकारियों के अनुसार, कांबले पिछले 6-7 साल से खोपोली में छिपकर रह रहा था और वहां आदिवासी बच्चों को पढ़ा रहा था। पुणे के ताड़ीवाला रोड इलाके का रहने वाला कांबले कंप्यूटर और लैपटॉप रिपेयर का काम करता था, जिसके बाद वो 2010 में मुंबई काम के बहाने घर से निकला और फिर लौटकर नहीं आया। अधिकारियों के अनुसार बाद में वह और संतोष शेलार नामक एक अन्य युवक गढ़चिरोली के जंगलों में सक्रिय माओवादी बन गए। हालांकि जनवरी 2024 में जब संतोष शेलार बीमार हालत में पुणे लौटा, तो एटीएस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि जलिंदर कांबले कबीर कला नामक एक मंच से जुड़ा था।इसके साथ ही अधिकारियों ने ये भी कांबले को हाई वैल्यू टारगेट बताया। साथ ही ये भी कहा कि वह कट्टर नक्सली विचारधारा का समर्थक है। गौरतलब है कि नक्सल लिंक कांबले को 2011 में कोर्ट ने फरार घोषित कर गैर-जमानती वारंट और नोटिस जारी किया था। एटीएस की पुणे यूनिट ने गुप्त जानकारी के आधार पर उसे खोपोली से पकड़ा। उसे मुंबई की अदालत में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने उसे 13 मई तक एटीएस की हिरासत में भेज दिया गया है।

## केजरीवाल और सिसोदिया की याचिकाओं पर सुनवाई आज, ट्रायल कोर्ट के फैसले को दी है चुनौती


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** ये याचिकाएं प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा कथित शराब नीति घोटाले में दायर चार्जशीट पर ट्रायल कोर्ट के संज्ञान लेने के फैसले को चुनौती देती हैं



दिल्ली हाई कोर्ट सोमवार को आप के नेताओं अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया की याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। ये याचिकाएं प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा कथित शराब नीति घोटाले में दायर चार्जशीट पर ट्रायल कोर्ट के संज्ञान लेने के फैसले को चुनौती देती हैं।केजरीवाल और सिसोदिया ने 2024 में दायर अपनी याचिकाओं में दावा किया है कि विशेष अदालत ने उनकी अभियोजन के लिए आवश्यक स्वीकृति के अभाव में चार्जशीट पर संज्ञान लिया, जो कि उनके सार्वजनिक सेवक होने के कारण जरूरी थी।केजरीवाल ने ट्रायल कोर्ट के आदेश को रद्द करने के साथ-साथ मामले में सभी कार्यवाहियों को समाप्त करने की मांग की है। न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा के समक्ष यह मामला सूचीबद्ध है। हाई कोर्ट ने केजरीवाल की याचिका पर 21 नवंबर 2024 को और सिसोदिया की याचिका पर 2 दिसंबर 2024 को ईडी को नोटिस जारी किया था।सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 12 जुलाई 2024 को अंतरिम जमानत और सीबीआई मामले में 13 सितंबर 2024 को जमानत दी थी। वहीं, सिसोदिया को 9 अगस्त 2024 को ईडी और सीबीआई दोनों मामलों में जमानत मिली थी।सीबीआई और ईडी के अनुसार, शराब नीति में संशोधन के दौरान अनियमितताएं की गईं और लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया। दिल्ली सरकार ने इस नीति को 17 नवंबर 2021 को लागू किया था और सितंबर 2022 तक इसे रद्द कर दिया था।यह मनी लॉन्ड्रिंग मामला दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा नीति में कथित अनियमितताओं की जांच की सिफारिश के बाद दर्ज सीबीआई मामले से उत्पन्न हुआ है।एवेन्यू कोर्ट में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत तीन आरोपियों के खिलाफ 2019 में सरकारी संपत्ति को नष्ट करने के मामले में शनिवार को सुनवाई टल गई। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने मामले की अगली सुनवाई 8 मई को करने का आदेश दिया।

## पहलगाम में सैनिक पति को खोने वाली हिमांशी की ऑनलाइन ट्रोलिंग एनसीडब्लू की अपील- गरिमा का ध्यान रहे

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी नरवाल के बयान पर ट्रोलिंग को महिला आयोग ने गलत बताया। आयोग



ने कहा कि किसी महिला को उसकी राय या निजी जीवन के आधार पर निशाना बनाना उचित नहीं। हर महिला की गरिमा और सम्मान जरूरी है। नेशनल कमीशन फॉर वीमेन (एनसीडब्ल्यू) ने पहलगाम आतंकवादी हमले में जान गंवाने वाले लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी नरवाल के समर्थन में बयान जारी किया है। आयोग ने कहा कि किसी महिला को उसकी सोच या निजी जीवन के आधार पर ट्रोल करना गलत है।बता दें कि हमले के बाद हिमांशी नरवाल ने अपील की थी कि लोग मुसलमानों और कश्मीरियों को निशाना न बनाएं। उन्होंने कहा था कि हम नहीं चाहते कि लोग मुसलमानों और कश्मीरियों के पीछे पड़ें। हिमांशी के इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल किया जाने लगा।हिमांशी नरवाल के बयान पर सोशल मीडिया पर बयानबाजी के बीच महिला आयोग ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बयान जारी किया, जिसमें कहा गया है कि शहीद लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की शहादत के बाद उनकी पत्नी हिमांशी नरवाल की सोशल मीडिया पर आलोचना दुर्भाग्यपूर्ण है। आयोग ने माना कि हिमांशी के बयान से हर कोई सहमत नहीं हो सकता, लेकिन असहमति जताने का तरीका संविधान के दायरे में और सभ्य होना चाहिए। साथ ही आयोग ने यह भी याद दिलाया कि हिमांशी के पति को धर्म पूछकर गोली मारी गई, जिससे देश में गुस्सा है। लेकिन ऐसे समय में भी किसी महिला को ट्रोल करना उचित नहीं है। इसको लेकर आयोग ने कहा कि हर महिला की गरिमा और सम्मान मूल्यवान है, और ऐसे राष्ट्रीय दुख के समय में भी अभिव्यक्ति का तरीका मर्यादित और मौलिक होना चाहिए। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बीते मंगलवार 22 अप्रैल को आतंकियों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलियां बरसा कर 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी थी। सेना की वर्दी में आए दहशतगर्दों ने पहलगाम की बायसरन घाटी में पर्यटकों से पहले उनका धर्म पूछा, परिचय पत्र देखे और फिर हिंदू हो कहकर गोली मार दी। तीन जुलाई से शुरू होने जा रही श्रीअमरनाथ यात्रा से पहले इस कायराना हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-ताइबा से जुड़े गुट द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है। फरवरी, 2019 में पुलवामा में हुए हमले के बाद से जम्मू-कश्मीर में यह सबसे बड़ा आतंकी हमला है। उस हमले में सीआरपीएफ के 47 जवान मारे गए थे।

## स्वास्थ्य विभाग ने कोड रेड प्रोटोकॉल लागू करने की घोषणा की; राज्यपाल की गोवावासियों से खास अपील

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** गोवा में श्री लैराई देवी मंदिर उत्सव के दौरान मची भगदड़ में छह श्रद्धालुओं की मौत और 70 लोगों के घायल होने के बाद राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने बड़ा फैसला लिया है। अब राज्य के अस्पतालों




में 'कोड रेड' नाम की इमरजेंसी व्यवस्था लागू की जा रही है ताकि ऐसी स्थिति में मरीजों को तेजी से इलाज मिल सके। गोवा के शिरगांव गांव में श्री लैराई देवी मंदिर के वार्षिक उत्सव के दौरान हुई दर्दनाक भगदड़ में छह श्रद्धालुओं की मौत और करीब 70 लोग घायल हो गए। इस हादसे के बाद, गोवा स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों में इमरजेंसी के लिए 'कोड रेड' सिस्टम को चरणबद्ध तरीके से लागू करने का फैसला किया है, ताकि ऐसे हालात में तेजी से मदद मिल सके।राज्य के स्वास्थ्य मंत्री विश्वजीत राणे ने रविवार को बताया कि सबसे पहले गोवा मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल (जीएमसीएच) में इसे लागू किया जाएगा और फिर जिला अस्पतालों व सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में भी इसे शुरू किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि उन्होंने जीएमसीएच में घायल श्रद्धालुओं से मुलाकात की। फिलहाल दो-तीन मरीजों की हालत गंभीर है, हालांकि उनमें से दो की स्थिति में सुधार हुआ है लेकिन अभी भी कड़ी निगरानी की जरूरत है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि 'कोड रेड' एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्य इमरजेंसी प्रोटोकॉल है। इसके तहत अस्पताल में किसी भी मेडिकल इमरजेंसी के दौरान सिस्टम खुद-ब-खुद एक्टिव हो जाता है और विभिन्न विभागों के डॉक्टर तुरंत जुट जाते हैं ताकि तेजी से जरूरी फैसले लिए जा सकें।

## हरियाणा को पानी देने के खिलाफ आज प्रस्ताव लाएगा पंजाब, हरियाणा सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी में

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**हरियाणा।** पंजाब और हरियाणा के बीच चल रहे जल विवाद का समाधान निकलता नजर नहीं आ रहा है। केंद्र सरकार के कहने के बावजूद पंजाब पानी देने को तैयार नहीं है। वहीं हरियाणा सुप्रीम कोर्ट में गुहार लगाने की तैयारी में है। इस बीच लोगों की दिक्कतें बढ़ने लगी हैं। पंजाब और हरियाणा के बीच पानी का विवाद गहराता जा रहा है। केंद्र सरकार के कहने के बावजूद पंजाब ने रविवार को दूसरे दिन भी हरियाणा को भाखड़ा से 4500 क्यूसेक अतिरिक्त पानी उपलब्ध नहीं कराया। वहीं आज सुबह 11 बजे पंजाब विधानसभा का विशेष सत्र है। इसमें हरियाणा को अतिरिक्त पानी देने की सिफारिश के खिलाफ प्रस्ताव लाया जा सकता है। इसमें भगवंत मान सरकार को विपक्ष का भी समर्थन मिलने की उम्मीद है। दूसरी ओर, हरियाणा ने सुप्रीम का दरवाजा खटखटाने की तैयारी कर ली है, लेकिन इससे पहले वह पंजाब



विधानसभा में पास होने वाले प्रस्ताव को देखेगा और कानूनी विशेषज्ञों की सलाह लेने के बाद ही अगला कदम उठाएगा।इस बीच, केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के बीच रविवार को हुई मुलाकात के दौरान इस मसले पर विस्तार से चर्चा हुई। सीएम सैनी ने पंजाब के रुख और राज्य के सभी दलों की ओर से आए सुझावों की जानकारी मनोहर लाल को दी। बताया जा रहा है कि केंद्र नंगल बांध का नियंत्रण बीबीएमबी को सौंपने के लिए पंजाब के खिलाफ कड़ा रुख अपना सकता है। भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) ने हरियाणा को 4500 क्यूसेक अतिरिक्त पानी देने की पैरवी की थी। इसके बाद दो मई को दिल्ली में हुई बैठक में केंद्रीय गृह सचिव ने पंजाब को बीबीएमबी के प्रस्ताव के अनुसार हरियाणा को अतिरिक्त पानी देने का सुझाव दिया था। इसके अलावा केंद्र ने नंगल बांध (भाखड़ा बांध का कंट्रोल रूम) पर पंजाब पुलिस के पहरे पर आपत्ति जताई थी और तत्काल इसे बीबीएमबी को सौंपने को कहा था। मगर रविवार शाम तक पंजाब ने कंट्रोल रूम से नियंत्रण नहीं हटाया। ऐसे में केंद्र कंट्रोल रूम को बीबीएमबी को सौंपने के लिए सोमवार को कड़ा रुख अपना सकता है। पंजाब सरकार हरियाणा को अतिरिक्त पानी देने के प्रस्ताव के खिलाफ विधानसभा में प्रस्ताव ला सकती है। मान सरकार पानी के मसले पर आर-पार की लड़ाई के मूड में है। उसका तर्क है कि हरियाणा को जरूरत के मुताबिक 4000 क्यूसेक पानी दिया जा रहा है। 8500 क्यूसेक पानी की मांग नाजायज है। अतिरिक्त पानी का उपयोग हरियाणा सिंचाई के लिए करेगा। पंजाब से पानी लेने के लिए हरियाणा सरकार एसवाईएल को मुद्दा बनाकर सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी पूरी कर चुकी है। इसके लिए प्रदेश सरकार के वकीलों ने पानी से संबंधित सुप्रीम कोर्ट से पूर्व में दिए गए फैसलों को भी संदर्भ के तौर पर रखा है। दरअसल, एसवाईएल के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट से पहले ही हरियाणा के पक्ष में फैसला दे चुका है, लेकिन पंजाब ने अब तक फैसले का पालन नहीं किया है।

## तैमूर नगर में चला डीडीए का बुलडोजर, नाले के किनारे हटाया जा रहा अतिक्रमण

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रशासन कड़ा एक्शन ले रहा है। तैमूर नगर में नाले के पास बुलडोजर से अतिक्रमण को हटाया जा रहा है। मौके पर पुलिस और पैरा मिलिट्री तैनात है। दिल्ली के तैमूर नगर में डीडीए ने बुलडोजर



कार्रवाई की है। नाले के किनारे बुलडोजर से अतिक्रमण हटाया जा रहा है। इस कार्रवाई के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। वहीं डीडीए की टीम के साथ स्थानीय पुलिस और पैरा मिलिट्री के जवान तैनात हैं। डीडीए की जमीन पर अधिकारियों की मिलीभगत से हो रहे अतिक्रमण पर लगाम लगाने के लिए उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने बड़ा फैसला लिया है। अब ऐसे मामलों में अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज होगी। उन्होंने मयूर विहार फेज-1 से एनएच-24 तक पुस्ता रोड के पास डीडीए की जमीन पर दोबारा हुए अतिक्रमण मामले में फील्ड स्टाफ को तत्काल निलंबित करने का आदेश दिया। निलंबित किए गए कर्मचारियों में मयूर नेचर पार्क प्रोजेक्ट के लिए जिम्मेदार सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता भी शामिल हैं।उपराज्यपाल ने निर्देश दिया कि भविष्य में यदि डीडीए की जमीन पर नए या दोबारा अतिक्रमण की कोई घटना होती है तो संबंधित अधिकारियों, इंजीनियरों का सामान्य निलंबन या जांच के अलावा आपराधिक आरोपों के तहत एफआईआर दर्ज होगी। मयूर विहार फेज-1 से एनएच-24 तक के स्ट्रेच में डीडीए मयूर नेचर पार्क परियोजना का कार्यान्वियन कर रहा है। यह यमुना के बाढ़ क्षेत्र के पुनरुद्धार और कायाकल्प के लिए महत्वपूर्ण है। जून 2024 में हाईकोर्ट और एनजीटी के निर्देश पर अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया गया था, जिसके बाद करीब 390 हेक्टेयर जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया था।

## बड़े ने सोते समय कुल्हाड़ी से अलग कर दी छोटे भाई की गर्दन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मध्य प्रदेश।** जब बलराम सो रहा था, तब आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। मध्य प्रदेश के मैहर जिले के देवरी कला गांव में बड़े भाई ने छोटे भाई का गला काटकर हत्या कर दी। इस सनसनीखेज वारदात के बाद गांव में हड़कंप मचा हुआ है। आरोपी ने घटना को उस वक्त अंजाम दिया, जब छोटा भाई घर में सो रहा था। सूचना मिलते ही रामनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। हत्या के बाद से आरोपी फरार है। जानकारी के मुताबिक आरोपी का एक लड़की से विवाह तय हुआ था, लेकिन पढ़ी-लिखी न होने का हवाला देकर अरोपी ने विवाह करने से मना कर दिया तो परिजनों ने छोटे भाई बलराम (23 वर्ष) से उसकी शादी कर दी।

## पहलगाम आतंकी हमले पर केंद्र की किसी भी कार्रवाई का समर्थन करेगी कांग्रेस', प्रियंका गांधी का बयान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले पर केंद्र सरकार जो भी कदम उठाएगी, कांग्रेस उसका पूरा समर्थन करेगी। कांग्रेस कार्यसमिति ने पहले ही इस पर प्रस्ताव पारित कर स्पष्ट किया है कि पार्टी सरकार के साथ खड़ी है।कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने रविवार को कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में केंद्र सरकार जो भी कदम उठाएगी, कांग्रेस पार्टी उसका पूरी तरह समर्थन करेगी। इस हमले में 26 लोगों की नृशंस तरीके से हत्या कर दी गई थी। प्रियंका गांधी ने बताया कि कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) इस मामले पर पहले ही एक प्रस्ताव पारित कर चुकी है। प्रस्ताव के जरिए स्पष्ट किया गया है कि विपक्षी पार्टी सरकार के हर कदम के साथ खड़ी है। अपनी दो दिवसीय वायनाड यात्रा पर पहुंची प्रियंका ने पत्रकारों से बातीच में कहा, कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक हुई थी। हमने एक प्रस्ताव पारित किया है, जिसमें कहा गया है कि हम सरकार की किसी भी कार्रवाई का पूरा समर्थन करते हैं। हमें उम्मीद है कि सरकार जल्द कार्रवाई करेगी।कांग्रेस ने शुक्रवार को केंद्र से अपील की थी कि वह पाकिस्तान को सजा देने के लिए सख्त कदम उठाए। पार्टी ने कहा था कि पाकिस्तान लगातार आतंकवाद का समर्थन और निर्यात कर रहा है। इसके साथ ही पार्टी ने यह भी मांग की कि देश के सबसे संवेदनशील क्षेत्रों में से एक में हुई इस चूक को लेकर समयबद्ध जांच और जवाबदेही तय की जाए। यह प्रस्ताव कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में सीडब्ल्यूसी की बैठक में पारित हुआ। बैठक में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और जयराम रमेश व केसी वेणुगोपापल जैसे वरिष्ठ नेता शामिल थे।



## बाबा महाकालेश्वर मंदिर के शंख द्वार पर लगी भीषण आग, दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मध्य प्रदेश।** गनीमत रही कि आग की इस घटना में किसी के हताहत होने खबर नहीं है। घटना की जानकारी लगते ही जिला कलेक्टर और एसपी भी मौके पर पहुंचे हैं। माना जा रहा है कि एयर क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम में लगी बैट्री की वजह से ये आग लगी है। मामले की जांच जारी है। उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकालेश्वर मंदिर के शंख द्वार पर रविवार को अचानक भीषण आग लग गई, जिसकी लपटें और धुआं करीब एक किलोमीटर दूर से नजर आया। आग की सूचना मिलते ही दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार, आग मंदिर परिसर के कंट्रोल रूम में लगी बैटरी से लगी थी। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।घटना के तुरंत बाद ही महाकाल मंदिर समिति के वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। आग



लगने के बाद मंदिर में भक्तों का प्रवेश रोक दिया गया। महाकाल मंदिर में सोमवार को जिस समय ये घटना हुई उस समय मंदरि में काफी भीड़ थी। सोमवार के चलते मंदिर में भीड़ ज्यादा थी। गनीमत रही कि आग की इस घटना में किसी के हताहत होने खबर नहीं है। घटना की जानकारी लगते ही कलेक्टर रोशन सिंह, महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक, उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा, नगर निगम कमिश्नर आशीष पाठक सहित अधिकारी मौके पर पहुंचे। महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक के अनुसार हादसा मंदिर के गेट नंबर-1 पर स्थित अवंतिका गेट के कंट्रोल रूम की छत पर हुआ। छत पर पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के एयर क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम लगा हुआ है। इस सिस्टम की बैटरी में किसी कारण से आग लगी थी। हादसे में पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के एयर क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम की बैटरियां जल गईं। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं।

## बायोलॉजी आसान, केमिस्ट्री-फिजिक्स ने उलझाया; सघन जांच के बाद अंदर दिया गया प्रवेश

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** देशभर के 5,400 से अधिक केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। छात्र-छात्राओं ने पेपर को संतुलित बताया, जबकि फिजिक्स और केमिस्ट्री ने उन्हें थोड़ा उलझाया।दिल्ली के अलग-अलग परीक्षा केंद्रों पर नीट (यूजी-2025) परीक्षा का कड़ी सुरक्षा में आयोजन केंद्रों पर 22 लाख से अधिक परीक्षार्थियों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण किया था।वेस्ट विनोद नगर स्थित परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देने आई गरिमा गोस्वामी ने बताया कि नीट का पेपर संतुलित आया था। पेपर में 180 प्रश्नों को हल करना था। इसमें 90 प्रश्न बायोलॉजी, 45 प्रश्न केमिस्ट्री और नोट, फूड, ज्वैलरी, वॉच, पर्स, काला चश्मा, कैमरा रिकॉर्डिंग डिवाइस सहित कई दूसरे चीजों पर प्रतिबंध था। परीक्षार्थियों को केवल प्रवेश पत्र, पहचान पत्र और पेन व पेंसिल ले जाने की अनुमति थी। परीक्षा केंद्र पर जूते पहनकर आने वाले को बाहर ही जूते



हुआ। केंद्रों के बाहर दिल्ली पुलिस के जवान तैनात रहे। केंद्र के अंदर संघन जांच के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। परीक्षा देने के बाद कई परीक्षार्थी काफी खुश दिखे। नीट पेपर को परीक्षार्थियों ने संतुलित बताया।केंद्रों के बाहर परीक्षार्थी अभिभावक संग सुबह दस बजे से जुटना शुरू हो गए थे। लेकिन प्रवेश सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर डेढ़ बजे तक के बीच मिला। परीक्षा का आयोजन दोपहर दो बजे से लेकर शाम बजे तक हुआ। प्रीत विहार स्थित राजकीय सह-शिक्षा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बने परीक्षा केंद्र के बाहर सैकड़ों की तादाद में अभिभावक जुटे हुए थे। केंद्र के प्रवेश द्वार पर दिल्ली पुलिस के जवान भी तैनात थे। प्रवेश पत्र की पहचान के बाद केंद्र के अंदर परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया जा रहा था। केंद्र के अंदर संघन जांच की व्यवस्था थी। बता दें कि देशभर में 500 से अधिक शहरों में 5453 45 प्रश्न फिजिक्स विषय को लेकर पूछे गए थे। बायोलॉजी के प्रश्नों को हल करने में कोई मुश्किल नहीं हुई। केमिस्ट्री के सवाल न ज्यादा मुश्किल थे और न अधिक आसान थे। जबकि फिजिक्स विषय के प्रश्न थोड़े मुश्किल लगे। पिछले वर्ष के पेपर की तुलना में इस बार का प्रश्न पत्र आसान था। उम्मीद है कि नीट का पेपर क्वालिफाइ हो जाएगा और मेरिट में जगह बना लूंगी। मयूर विहार निवासी पीयूष चौधरी ने बताया कि परीक्षा केंद्र उनके घर से 15 मिनट की दूरी पर थी। केंद्र पर जूतों की जगह चप्पल पहनकर आने की अनुमति दी गई थी। केंद्र के अंदर बायोमेट्रिक सत्यापन किया गया। नीट का पेपर मुझे ठीक लगा। पूरे प्रश्न पत्र में कोई खामी देखने को नहीं मिली। परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, स्मार्ट पेन, पेन ड्राइव, ब्लूटूथ डिवाइस, कैलकुलेटर, पेपर उतरवाएं जा रहे थे। यहां तक कि लड़कियों को कान में बाली पहनकर अंदर जाने की अनुमति नहीं थी। जहांगीरपुरी के के ब्लॉक स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों ने बायोमैट्रिक समय पर न कराने का आरोप लगाया। दिल्ली कैंट से नीट परीक्षा देने आई प्रतिभा ने बताया कि वह परीक्षा केंद्र पर समय से पहुंची थी। लेकिन बायोमेट्रिक के लिए केंद्र के अंदर लंबी कतार लगी हुई थी। फिर स्कूल की तरफ से घोषणा की गई कि परीक्षा के बाद बायोमेट्रिक करवा लिया जाएगा। परीक्षा समापन के बाद काफी मशक्कत के बाद बायोमेट्रिक हुआ। मगर, इस बीच कई परीक्षार्थी बिना बायोमेट्रिक के ही चले गए। परीक्षार्थी अनुष्ठा राय ने कहा कि उनको भी बायोमेट्रिक संबंधी समस्या से जूझना पड़ा। इस लापरवाही के लिए कोई भी अधिकारी लिखित में कुछ भी देने को तैयार नहीं था।

# बॉलीवुड/टेली मसाला


## सब कुछ लुटाकर सिनेमा के पितामह बने दादासाहेब फाल्के समाज के खिलाफ जाकर महिलाओं को दिया मौका

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा की नींव रखने वाले फिल्म निर्माता दादासाहेब फाल्के की आज उनकी 155वीं जयंती है। चलिए इस मौके पर जानते हैं उनसे जुड़ी कुछ दिलचस्प बातेंसोचिए, एक ऐसा दौर जब सिनेमाघर नहीं थे, कैमरे की बात तो दूर, लोग 'मूविंग पिक्चर्स' को जादू समझते थे... तभी एक शख्स ने न सिर्फ भारत में सिनेमा को जन्म दिया, बल्कि उसे दुनिया भर में पहचान दिलाई। वह थे धुंडीराज गोविंद फाल्के, जिन्हें हम दादासाहेब फाल्के कहते हैं। आज उनकी 155वीं जयंती पर हम उस जुनूनी इंसान की कहानी सुनाने जा रहे हैं, जिन्होंने 1913 में 'राजा हरिश्चंद्र' बनाकर भारतीय सिनेमा की नींव रखी। पत्नी के गहने गिरवी रखकर, समाज के तानों को झेलकर और तकनीक की कमी से जूझकर उन्होंने जो सपना देखा, वह आज बॉलीवुड के रूप में चमक रहा है। चलिए जानते हैं 19 साल में 95 फीचर फिल्में और 26 शॉर्ट फिल्में बनाने वाले इस सिनेमा के जादूगर के रोचक किस्से 30 अप्रैल 1870 को महाराष्ट्र के त्र्यंबकेश्वर में एक मराठी ब्राह्मण परिवार में जन्मे दादासाहेब फाल्के का बचपन से ही कला के प्रति गहरा लगाव था। उनके पिता गोविंद सदाशिव एक संस्कृत विद्वान और पुजारी थे, जो सात बच्चों के परिवार को पालते थे। दादासाहेब ने 1885 में मुंबई के मशहूर जे.जे. स्कूल ऑफ आर्ट में दाखिला लिया, जहां उन्होंने चित्रकला, फोटोग्राफी और लिथोग्राफी सीखी। बाद में बड़ौदा के कला भवन में उन्होंने मूर्तिकला, इंजीनियरिंग, पेंटिंग और आर्किटेक्चर का अध्ययन किया।करियर की शुरुआत में दादासाहेब ने कई क्षेत्रों में हाथ आजमाया। वह बड़ौदा में पेंटर रहे, फिर गोधरा में फोटोग्राफर बने, लेकिन बाद में उन्होंने फोटोग्राफी छोड़ दी। इसके बाद वह भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग में ड्राफ्ट्समैन बने, लेकिन नौकरी में मन नहीं लगा। 1908 में उन्होंने मशहूर चित्रकार राजा रवि वर्मा की लिथोग्राफी प्रेस में काम किया, जहां हिंदू देवी-देवताओं की तस्वीरों ने उन्हें गहरे प्रभावित किया। बाद में उन्होंने अपनी प्रिंटिंग प्रेस शुरू की, लेकिन साझेदारों से मतभेद के कारण वह भी बंद हो गई।दादासाहेब का जीवन तब बदला, जब 1911 में उन्होंने एक मूक फिल्म 'द लाइफ ऑफ क्राइस्ट' देखी। यह फ्रांसीसी फिल्म उनके लिए जादू से कम नहीं थी। उन्होंने इसे बार-बार देखा और सोचा, 'अगर ईसाई धर्म की कहानियां पर्दे पर आ सकती हैं तो हिंदू देवी-देवताओं की कहानियां क्यों नहीं?' इस प्रेरणा ने उन्हें भारतीय संस्कृति को सिनेमा के जरिए दुनिया तक ले जाने का सपना दिया। उन्होंने फैसला किया कि वह भारत की पहली फीचर फिल्म बनाएंगे।हालांकि, यह सफर आसान नहीं था। उस समय भारत में फिल्म निर्माण की कोई सुविधा नहीं थी। न स्टूडियो, न प्रशिक्षित अभिनेता, न तकनीकी संसाधन। दादासाहेब ने हिम्मत नहीं हारी। 1912 में वह लंदन गए और वहां मशहूर फिल्ममेकर सेसिल हेपवर्थ से दोस्ती की और उनसे फिल्म निर्माण की बारीकियां सीखीं। उन्होंने वहां से विलियमसन कैमरा, प्रिंटिंग मशीन, परफोरेटर और रॉ फिल्म खरीदी। भारत लौटकर उन्होंने 'फाल्के फिल्म्स कंपनी' की स्थापना की और अपनी पहली फिल्म 'राजा हरिश्चंद्र' पर काम शुरू किया।'राजा हरिश्चंद्र' बनाना दादासाहेब के लिए किसी युद्ध से कम नहीं था। सबसे बड़ी चुनौती थी फंडिंग। उन्होंने अपनी पत्नी सरस्वतीबाई के गहने गिरवी रखे, जीवन बीमा पॉलिसी बेची और दोस्तों से उधार लिया। फिल्म का बजट करीब 15,000 रुपये था, जो उस समय बड़ी रकम थी। दूसरी समस्या थी अभिनेताओं की। अभिनय को उस समय सम्मानजनक पेशा नहीं माना जाता था, खासकर महिलाओं के लिए। अंततः उन्हें रानी तारामती के किरदार के लिए कोई महिला नहीं मिली। मजबूरी में उन्होंने एक रेस्तरां में काम करने वाले कुक अन्ना सालुंके को तारामती की भूमिका दी।राजा हरिश्चंद्र का किरदार दत्तात्रय दामोदर दबके ने निभाया, जबकि उनके सात साल के बेटे भालचंद्र फाल्के ने उनके बेटे रोहिदास की भूमिका निभाई। दादासाहेब ने खुद स्क्रिप्ट लिखी, निर्देशन किया, सेट डिजाइन किया, मेकअप से लेकर एडिटिंग तक सब संभाला। उनकी पत्नी सरस्वतीबाई ने अभिनेताओं के कपड़े डिजाइन किए, खाना बनाया और पोस्टर तैयार किए।21 अप्रैल 1913 को 'राजा हरिश्चंद्र' का प्रीमियर मुंबई के ओलंपिया थिएटर में शहर के रईसों के लिए हुआ। 3 मई 1913 को इसे कोरोनेशन सिनेमा, गिरगांव में आम जनता के लिए रिलीज किया गया। फिल्म ने दर्शकों का दिल जीत लिया। सत्य और धर्म के लिए सब कुछ त्याग देने वाले राजा हरिश्चंद्र की कहानी ने लोगों को भावुक कर दिया। फिल्म 23 दिनों तक चली और 1914 में लंदन में भी दिखाई गई। इसकी सफलता ने साबित कर दिया कि भारत में स्वदेशी कहानियों की फिल्में चल सकती हैं।यह फिल्म भारतीय सिनेमा का मील का पत्थर बनी। कुछ इतिहासकार दादासाहेब तोरणे की 'श्री पुंडलिक' (1912) को पहली भारतीय फिल्म मानते हैं, लेकिन वह एक स्टेज प्ले की रिकॉर्डिंग थी, जबकि 'राजा हरिश्चंद्र' पूरी तरह से स्वदेशी स्क्रिप्ट और सिनेमाई तकनीक वाली फीचर फिल्म थी।



## 'केसरी 2' को छोड़कर बाकी फिल्मों का हाल बुरा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**मंगलवार को बॉक्स ऑफिस पर 'केसरी 2', 'ग्राउंड जीरो' और 'जाट' की कमाई में कमी देखी गई। जानते हैं इन फिल्मों ने मंगलवार को कितना कलेक्शन किया।मंगलवार को बॉक्स ऑफिस पर 'केसरी 2' सहित कई फिल्मों की कमाई में गिरावट आई। 'ग्राउंड जीरो' को रिलीज हुए पांच दिन हो गए, लेकिन फिल्म अभी तक कमाई के मामले में डबल डिजिट में भी नहीं पहुंच पाई है। वहीं, सोमवार से जाट भी लाखों में कमाई कर रही है। जानते हैं इन फिल्मों ने मंगलवार को बॉक्स ऑफिस से कितना कलेक्शन किया मंगलवार को अक्षय कुमार की फिल्म 'केसरी 2' की कमाई में गिरावट दर्ज हुई। फिल्म ने 2.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। वहीं, सोमवार को यह कलेक्शन 2.75 करोड़ रुपये था। वीकएंड के बाद भी फिल्म की कमाई में 66 प्रतिशत की गिरावट आई थी। 'केसरी 2' का कुल कलेक्शन'केसरी 2' के कुल कलेक्शन की बात की जाए तो फिल्म ने अब तक 70.65 करोड़ रुपये बॉक्स ऑफिस से जुटाए हैं। फिल्म ने ओपनिंग डे पर 7.75 करोड़ के साथ अपनी शुरुआत की थी। 'केसरी 2' का बजट लगभग 150 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।इमरान हाशमी की फिल्म 'ग्राउंड जीरो' से काफी उम्मीदें थीं। फिल्म ने 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक दिया। इसे रिलीज हुए पांच दिन हो चुके हैं, लेकिन अब तक कमाई के मामले में डबल डिजिट का आंकडे को भी नहीं छुआ है। मंगलवार को फिल्म ने बॉक्स ऑफिस से 71 लाख रुपये का कलेक्शन किया है।फिल्म की कुल कमाई के बारे में बात करे तो दुर्दांत आतंकवादी 'गाजी बाबा' के खात्मे पर आधारित इस फिल्म ने 6.54 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। इमरान हाशमी के अलावा फिल्म में साई तम्हणकर, जोया हुसैन, मुकेश तिवारी, रॉकी रैना जैसे कलाकार शामिल हैं।





## 'पुष्पा 2' भगदड़ हादसे में घायल हुआ श्रीतेज न्यूरो रिहैब सेंटर में भर्ती, अस्पताल ने जारी किया बयान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**पिछले साल अभिनेता अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' के प्रीमियर के दौरान हुए भगदड़ हादसे में घायल आठ साल के श्रीतेज को मंगलवार को हैदराबाद के एक निजी अस्पताल से न्यूरो रिहैबिलिटेशन सेंटर में शिफ्ट किया गया।पिछले साल अभिनेता अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' के प्रीमियर के दौरान हुए भगदड़ हादसे में घायल आठ साल के श्रीतेज को मंगलवार को हैदराबाद के एक निजी अस्पताल से न्यूरो रिहैबिलिटेशन सेंटर में शिफ्ट किया गया। श्रीतेज का इलाज सिकंदराबाद के अस्पताल में चल रहा था। अस्पताल के मुताबिक, श्रीतेज अब मुंह से खाना खा रहा है और उसे ऑक्सीजन या रेस्पिरेटरी सपोर्ट की जरूरत नहीं है। 4 दिसंबर 2024 को हैदराबाद के एक थिएटर में 'पुष्पा 2' के प्रीमियर के दौरान भगदड़ मच गई थी। इस हादसे में श्रीतेज गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस और आसपास के लोगों ने मौके पर ही उसे सीपीआर देकर बचाने की कोशिश की, जिसके बाद उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों के अनुसार, श्रीतेज की याददाश्त पर असर पड़ा था और उसकी हालत नाजुक थी। पिछले चार महीनों से वह अस्पताल में इलाजरत था। अब उसकी हालत में सुधार देखकर उसे न्यूरो रिहैब सेंटर में भेजा गया है, जहां उसकी रिकवरी के लिए विशेष देखभाल की जाएगी।इस हादसे ने श्रीतेज के परिवार को गहरा सदमा पहुंचाया। भगदड़ में उसकी मां की जान चली गई, जिसके बाद श्रीतेज और उसके परिवार के लिए यह समय बेहद मुश्किल भरा रहा। इस हादसे ने न सिर्फ श्रीतेज के जीवन को प्रभावित किया, बल्कि फिल्म इंडस्ट्री और फैंस के बीच भी हलचल मचा दी। अस्पताल के डॉक्टरों का कहना है कि श्रीतेज की हालत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। न्यूरो रिहैब सेंटर में उसकी रिकवरी के लिए विशेषज्ञों की देखरेख में इलाज होगा।हादसे के बाद अल्लू अर्जुन और 'पुष्पा 2' की टीम ने श्रीतेज के परिवार की मदद के लिए दो करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी। अल्लू अर्जुन ने इस घटना पर दुख जताते हुए परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की थी। इसके अलावा, तेलंगाना सरकार ने भी श्रीतेज के परिवार को आर्थिक मदद देने की घोषणा की थी।इस हादसे के सिलसिले में अल्लू अर्जुन को 13 दिसंबर 2024 को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, अगले ही दिन तेलंगाना हाई कोर्ट ने उन्हें अंतरिम जमानत दे दी। बाद में उन्हें नियमित जमानत भी मिल गई। इस मामले ने फिल्म की रिलीज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर कई सवाल खड़े किए थे।




## रेड 2 की टीम ने इंडस्ट्री की मौजूदा स्थिति पर की खुलकर बात, बताया- सफल फिल्मों के लिए क्या है जरूरी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** रेड 2 की टीम ने हाल ही में एक बातचीत में फिल्म इंडस्ट्री की मौजूदा स्थिति पर खुलकर बात की। इस दौरान उन्होंने फिल्मों की सफलता के लिए कुछ जरूरी बातें भी बताईं।'रेड 2' इस गुरुवार को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। अजय देवगन और रितेश देशमुख की बहुप्रतीक्षित फिल्म का निर्देशन राजकुमार गुप्ता ने किया है। इस फिल्म की रिलीज से पहले निर्माता भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक ने एएनआई के साथ एक खास बातचीत की। इस दौरान उन्होंने न सिर्फ अपनी फिल्म के बारे में बताया, बल्कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की मौजूदा चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं पर भी खुलकर चर्चा की। भूषण कुमार ने कहा कि कोविड महामारी ने सिनेमाघरों की रौनक को काफी प्रभावित किया। कोविड के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म्स ने लोगों का मनोरंजन घर तक पहुंचाया। जब दर्शक थिएटर में लौटे तो कई बार फिल्मों की कहानी या कंटेंट उनकी उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा, लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। 'जाट', 'छावा', 'केसरी 2' और 'डिप्लोमैट' जैसी फिल्मों ने सिनेमाघरों में कामयाबी हासिल की। अब 'रेड 2' के साथ हम दर्शकों को फिर से थिएटर तक लाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि फिल्में बनाते समय दर्शकों की पसंद को समझना जरूरी है। इससे न सिर्फ सिनेमाघरों में भीड़ बढ़ेगी, बल्कि पूरी इंडस्ट्री को फायदा होगा। निर्माता कुमार मंगत पाठक ने साफ शब्दों में कहा, कहानी अच्छी हो तो फिल्म जरूर चलती है।ठ उनका मानना है कि सिनेमाघरों को फिर से जीवंत करने का सबसे बड़ा हथियार ऐसी फिल्में हैं जो दर्शकों के दिल को छू सकें। इस बातचीत में अभिषेक पाठक ने फिल्म निर्माण के बजट को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा, कई बार फिल्म का बजट बेकाबू हो जाता है। उदाहरण के लिए कुछ अभिनेताओं या अभिनेत्रियों के मेकअप आर्टिस्ट और हेयर स्टाइलिस्ट को प्रति दिन दो से पांच लाख रुपये तक मिलते हैं जो कई बार हमारे तकनीशियनों की फीस से भी ज्यादा होता है। हर किसी का योगदान बराबर है, लेकिन बजट में संतुलन और निष्पक्षता लाने की जरूरत है।ङ्ग अभिषेक का सुझाव है कि अगर लागत पर नियंत्रण हो, तो अच्छी फिल्में कम खर्च में बनाई जा सकती हैं, जिससे इंडस्ट्री को भी फायदा होगा। रेड 2' में अजय देवगन और रितेश देशमुख के साथ वाणी कपूर भी एक अहम किरदार में नजर आएंगी। फिल्म में अजय आयकर अधिकारी अमय पटनायक के रूप में एक बार फिर से नजर आने वाले हैं। हाल ही में इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया था, जिसे देखकर दर्शकों की उत्सुकता काफी ज्यादा बढ़ गई है। यह फिल्म कल यानी 1 मई, 2025 को रिलीज होगी।





## पहले हफ्ते के भीतर लाखों में सिमटी 'ग्राउंड जीरो', पांचवें दिन फिल्म ने की इतनी कमाई


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** इमरान हाशमी की फिल्म 'ग्राउंड जीरो' का आज बॉक्स ऑफिस पर पांचवां दिन था। आज भी फिल्म की कमाई में गिरावट दर्ज की गई। आइए जानते हैं फिल्म ने अब तक कितना कलेक्शन किया। इमरान हाशमी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'ग्राउंड जीरो' 25 अप्रैल 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। दर्शकों और निर्माताओं को फिल्म से कमाई के मामले में काफी उम्मीदें थीं, लेकिन यह उस तरह प्रदर्शन नहीं कर पाई। फिल्म की कमाई पहले हफ्ते के अंदर ही लाखों रुपये में सिमट गई है। आज की कमाई भी सामने आ चुकी है। चलिए जानते हैं कि मंगलवार को फिल्म ने कितना कलेक्शन किया। इमरान हाशमी की 'ग्राउंड जीरो' का बॉक्स ऑफिस पर आज पहला मंगलवार था। फिल्म की कमाई में बीते दिन के मुकाबले गिरावट दर्ज की गई है। खबर लिखे जाने तक फिल्म ने पांचवें दिन 57 लाख रुपये का कलेक्शन किया था। वहीं, बीते दिन यानी सोमवार को फिल्म ने 63 लाख रुपये की कमाई की थी।वहीं, फिल्म की कुल कमाई की बात करें तो अब यह तक 6.4 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर चुकी है। पहले हफ्ते में ही फिल्म दम तोड़ चुकी है, ऐसे में अब इसकी उम्मीद कम ही है कि फिल्म अगले हफ्ते कुछ बेहतर प्रदर्शन कर सके। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म का बजट 50 करोड़ रुपये है और यह अब तक 10 करोड़ रुपये का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाई है।'ग्राउंड जीरो' सिनेमाघरों में सनी देओल की फिल्म 'जाट' और अक्षय कुमार की 'केसरी 2' के साथ भी मुकाबला कर रही है, जिसका असर इसकी कमाई पर भी दिख रहा है। 'जाट' और 'केसरी 2' अच्छा प्रदर्शन कर रही है, इस बीच 'ग्राउंड जीरो' कहीं दब सी गई है।'ग्राउंड जीरो' 2001 के भारतीय संसद हमले के बाद की घटनाओं पर आधारित एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। फिल्म में इमरान ने बीएसएफ कमांडेंट नरेंद्र नाथ धर दुबे की भूमिका निभाई है।



## साउथ के फैन की जबरदस्त दीवानगी, बर्थडे पर बना डाला सामंथा का मंदिर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**साउथ में एक्टर्स, एक्ट्रेसेस को लेकर फैंस के बीच दीवानगी देखी जाती है। हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक्ट्रेस सामंथा के नाम का मंदिर आंध्र प्रदेश में बना हुआ दिख रहा है। कल यानी 28 अप्रैल को एक्ट्रेस सामंथा रूथ ने अपना जन्मदिन मनाया। फैंस ने भी सामंथा का जन्मदिन अलग-अलग ढंग से सेलिब्रेट किया। इसी बीच एक वीडियो भी वायरल हुआ, जिसमें सामंथा के एक फैन द्वारा बनाया गया एक्ट्रेस का मंदिर चर्चा में आ गया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक्ट्रेस सामंथा का मंदिर दिख रहा है। इसी मंदिर में फैन ने एक्ट्रेस का 38वां जन्मदिन मनाया। वीडियो में दिख रहा है कि मंदिर के बाहर लिखा है, 'सामंथा का मंदिर'। अंदर जाने पर सामंथा की दो प्रतिमाएं दिखती हैं, इसमें से एक सुनहरे रंग की है।फैन ने सिर्फ एक्ट्रेस का मंदिर ही नहीं बनवाया है, इसके अलावा अनाथ बच्चों को पार्टी दी। अनाथ बच्चों के साथ सामंथा के बर्थ डे का केक भी काटा। जिस फैन ने यह मंदिर बनवाया है, उसका नाम तेनाली संदीप है। मीडिया से भी इस फैन ने बातचीत की। तेनाली कहता है, 'मैं आंध्र प्रदेश से हूं। मैं सामंथा का बहुत बड़ा फैन हूं। पिछले तीन सालों से उनका जन्मदिन मना रहा हूं। मैंने कुछ साल पहले ही यह मंदिर भी बनवाया था। हर साल मैं यह तय करता हूं कि सामंथा के जन्मदिन पर बच्चों को खाना खिलाऊं और केक काटूं। सामंथा ने मुझे बहुत इंस्पायर किया है।' एक्ट्रेस सामंथा के करियर फ्रंट की बात करें तो पिछले साल वह एक वेब सीरीज 'सिटाडेल हनी बनी' में दिखीं, इसमें वरुण धवन भी थे। वह एक वेब सीरीज 'रक्त ब्रह्मांड' भी कर रही हैं। बतौर प्रोड्यूसर भी सामंथा की एक फिल्म इस साल रिलीज होगी।






## 30 साल पहले कौन सी हरकत के लिए गेरी ने डेमी मूर से माफी मांगी, जवाब में एक्ट्रेस ने क्या कहा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** हाल ही में हॉलीवुड एक्टर गेरी ओल्डमैन ने एक पुराना किस्सा साझा किया। 30 साल पहले फिल्म 'द स्कारलेट लेटर' के सेट पर गेरी ने डेमी मूर के साथ ऐसा व्यवहार किया, जिसके लिए वह शर्मिंदा भी हुए। इसके लिए एक्ट्रेस से माफी भी मांगी। साल 1995 में एक हॉलीवुड फिल्म रिलीज हुई 'द स्कारलेट लेटर'। इस फिल्म में गेरी ओल्डमैन और डेमी मूर ने लीड रोल किए थे। यह फिल्म इसी नाम के चर्चित नॉवेल पर बेस्ड थी। इस फिल्म के सेट पर डेमी के साथ गेरी ओल्डमैन ने काफी खराब व्यवहार किया था। हाल ही में रेडियो टाइम्स को दिए गए एक इंटरव्यू में गेरी ओल्डमैन बताते हैं, 'मैं उस समय शराब का आदी था और बहुत बुरे दौर से गुजर रहा था। मैं लंच टाइम पर खूब सारी शराब पी लेता था। इसके बाद सेट पर आकर सीन शूट करता था। अगले दिन मुझे अहसास होता कि जो किया वो गलत था। ऐसे में मैंने डेमी मूर से माफी मांगी। मैंने डेमी से कहा कि शायद तुम मुझसे नफरत करती होगी, मुझे माफ कर दो। इस पर डेमी का जवाब था, 'मैं तुमसे नफरत नहीं करती हूं, बस तुम्हारी हालत देखकर निराश हूं।गेरी बताते हैं कि साल 1997 शराब पीने की आदत के कारण वह मरने के कगार पर पहुंच गए थे। इसके बाद उन्होंने शराब पीना छोड़ दिया। अब वह एक घूंट भी शराब का नहीं लेते हैं। गेरी कहते हैं, 'शराब छोड़ने के बाद जिंदगी और करियर दोनों बदल गए। तीन बार ऑस्कर के लिए नॉमिनेशन हुआ। 'द डार्केस्ट ऑवर' में विंस्टन चर्चिल के रोल के लिए साल 2018 में बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला।





स्वात्वाधिसकसार एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सस्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0-09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोट- इस समाचार पत्र मे प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हंतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगा।